संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 04 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 34 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षाग्रह में तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते, दिव्यांगजनों को सम्मानित करते व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।







## आदर्श विचार



"आत्मा को न शस्त्र काट सकते हैं,न आग उसे जला सकती है, न पानी उसे भिगो सकता है : भागवद्"

## मन की बात



"दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।"
`स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# लालकृष्ण आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न

## भाजपा के वरिष्ठ व कद्दावर नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित

**प्रतिक्रिया**

8 कई भाजपा नेताओं ने लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी और कांग्रेस समेत कई विपक्षी नेताओं ने भी प्रतिक्रिया दी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अटल** बिहारी वाजपेयी सरकार में उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ व कद्दावर नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस बात की घोषणा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने एक पोस्ट भी शेयर किया है। इस घोषणा के बाद से आडवाणी को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है। कई भाजपा नेताओं ने लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी और कांग्रेस समेत कई विपक्षी नेताओं ने भी प्रतिक्रिया दी है।

**सीएम योगी ने दी बधाईः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई देते हुए कहा, "भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री आदरणीय श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का निर्णय, उनके सार्वजनिक जीवन में दशकों की सेवा, प्रतिबद्धता और राष्ट्र की अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता तथा राजनीतिक जीवन में शुचिता व नैतिकता के उच्च मानक स्थापित करने वाले उनके अद्वितीय प्रयासों को सम्मान प्रदान करने वाला है। आदरणीय आडवाणी जी को हार्दिक बधाई!"

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जताई खुशीः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए बधाई देते हुए कहा, "हम सबके प्रेरणास्रोत एवं देश के वरिष्ठ नेता, श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिये जाने के निर्णय से बड़े हर्ष और आनंद की अनुभूति हुई है। वे राजनीति में शुचिता, समर्पण और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। आडवाणी जी ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में अनेक भूमिकाओं में, देश के विकास और राष्ट्र निर्माण में जो महत्वपूर्ण योगदान किया है, वह अविस्मरणीय और प्रेरणास्पद है।"

### साथ काम करने का सौभाग्य मिलाः एन चंद्रबाबू

**आंध्र प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा, "लाल कृष्ण आडवाणी जी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित होने पर बधाई। आडवाणी ने अनुकरणीय कड़ी मेहनत और राष्ट्र के प्रति समर्पण के माध्यम से खुद को प्रतिष्ठित किया है। एक विद्वान और राजनेता, उन्होंने देश के लिए असाधारण योगदान दिया है। मुझे उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला है। उनकी वास्तविक गर्मजोशी और स्नेहपूर्ण स्वभाव हर किसी पर अमिट छाप छोड़ता है।" केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी एक्स पर बधाई दी है। उन्होंने लिखा, "भारत रत्न से सम्मानित होने पर लालकृष्ण आडवाणी जी को हार्दिक बधाई।

### 'विनम्रता-कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं'

**भारत** रत्न की घोषणा पर देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री आडवाणी ने एक बयान जारी किया है। इस पर कहा गया है कि 'अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ, मैं 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं जो आज मुझे प्रदान किया गया है। यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान की बात है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा की है।

# कानूनों का आधुनिकीकरण हो रहाः पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया है कि 21वीं सदी की चुनौतियों से 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं लड़ा जा सकता। इस पर पुनर्विचार, पुनर्कल्पना और सुधार की जरूरत है। उन्होंने अपना नजरिया आज (शनिवार) यहां राष्ट्रमंडल कानूनी शिक्षा संघ (सीएलईए) - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएएसजीसी)- 2024 का उद्घाटन करते व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिशा में भारत के किए गए प्रयासों का उल्लेख भी किया। उन्होंने देशों के बीच न्यायिक विकास में सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ काम करने की आवश्यकता होती है। जब हम सहयोग करते हैं, तो हम एक-दूसरे के सिस्टम को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। अधिक समझ अधिक तालमेल लाती है। उन्होंने अफ्रीकी संघ के साथ भारत के विशेष संबंध का भी जिक्र किया।

**न्यायिक विकास**

8 21वीं सदी की चुनौतियों से 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं लड़ा जा सकता : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें गर्व है कि भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ जी-20 का हिस्सा बन गया।

# खेलों के महत्व पर जोर दियाः मोदी

**प्रतिभा**

8 यह नई और उभरती प्रतिभाओं को तलाशने और उनका दोहन करने का भी एक माध्यम बन गया है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को युवाओं और राष्ट्र के विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ में जो उत्साह और आत्मविश्वास दिखा, वह आज हर खिलाड़ी और युवा की पहचान बन गया है। खेल के प्रति सरकार की भावना मैदान पर खिलाड़ियों की भावना के अनुरूप है। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से पाली सांसद खेल महाकुंभ को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सांसद खेल महाकुंभ में पाली के 1100 से अधिक स्कूली बच्चों सहित 2 लाख से अधिक एथलीटों की भागीदारी की सराहना की। प्रधानमंत्री ने ऐसे खेल आयोजनों के आयोजन में वर्तमान सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सांसद खेल महाकुंभ जिलों और राज्यों के लाखों प्रतिभाशाली एथलीटों के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी ने खास तौर पर महिलाओं को समर्पित एक प्रतियोगिता के आयोजन का भी जिक्र किया।

# 'अब जनता गठबंधन को कह देगी अलविदा'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अब जनता भी जल्दी ही आईएनडीआई गठबंधन को अलविदा कह देगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन को एक और झटका है। ममता बनर्जी ने अब राहुल गांधी को प्रवासी पक्षी कह दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा 'अलविदा यात्रा' होनी चाहिए। जब से उन्होंने शुरूआत की है, पहले मायावती ने उनके गठबंधन को अलविदा कहा, फिर मिलिंद देवड़ा ने बाय बाय कह दिया। फिर ममता दीदी, फिर पंजाब में आम आदमी पार्टी ने, फिर नीतीश कुमार ने भी उन्हें अलविदा कह दिया। अब बहुत जल्द, जनता भी गठबंधन को अलविदा कहने वाली है। शनिवार को शहजाद पूनावाला ने एक्स पर अपना बयान साझा करते हुए कहा कि एक तरफ सभी राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा में लीन थे, दूसरी तरफ राहुल गांधी की न्याय यात्रा जब से शुरू हुई है, तब से आईएनडीआई गठबंधन लगातार ध्वस्त हो रहा है।

# 'कोई नेता आपके बच्चों की चिंता क्यों करेगा'

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल**

**प्रशांत** किशोर ने कहा कि हम 17 माह से घर द्वार, बाल बच्चों को छोड़ निकले हैं, परंतु आपके बच्चे तो वर्षों तक अपने माता, पिता, पत्नी एवं बच्चों को छोड़कर रोजी रोटी के लिए दूसरे शहरों में भटक रहे हैं। गाली खाकर, मारपीट का दर्द सहकर अपना पेट काट बच्चों की परवरिश को बाध्य हैं। अब सतर्क होने का समय आ गया है। जिन नेताओं ने आपका हक लूटकर आपको गरीब बना दिया, कल चुनाव होगा तो आप उसी नेता को जाति-धर्म के नाम पर वोट देंगे। ऐसे में आखिर भोगेगा कौन।

**संध्याक** समुद्र की गहराई में जाकर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के साथ नौवहन मार्गों का निर्धारण करेगा पोत

# पहला सर्वेक्षण पोत 'संध्याक' नौसेना के बेड़े में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रक्षा मंत्री राज**नाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में शनिवार को सर्वेक्षण पोत 'संध्याक' औपचारिक तौर पर नौसेना के बेड़े में शामिल कर लिया गया। नौसेना के बेड़े में इसे शामिल किया जाना हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री ताकत बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उपयोग हाइड्रोग्राफी सर्वेक्षण में किया जाएगा जैसे चीनी नौसेना भारत और अन्य के निकट महासागर में करती है। रक्षा मंत्रालय ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) के साथ 30 अक्टूबर, 2018 को 2435 करोड़ रुपये की कुल लागत से चार सर्वेक्षण पोतों (लार्ज) का निर्माण करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे। इन पोतों को इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग क्लासिफिकेशन सोसायटी के नियमों के अनुसार डिजाइन और निर्मित किया गया है। इस पोत की प्राथमिक भूमिका बंदरगाह तक पहुंचने वाले मार्गों का सम्पूर्ण तटीय और डीप-वॉटर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करना और नौवहन मार्गों का निर्धारण करना होगी। इसके परिचालन क्षेत्र में ईईजेड, एक्सटेंडेड कॉन्टिनेंटल शेल्फ तक की समुद्री सीमाएं शामिल हैं।

**सर्वेक्षण**

8 नौसेना के बेड़े में इसे शामिल किया जाना हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री ताकत बढ़ाने की दिशा में अहम कदम




# 'मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया'

## हरियाणा सरकार के नौ अतुलनीय वर्ष, एक नए और जीवंत हरियाणा का उदय पुस्तक का विमोचन, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित कई गणमान्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

**पीठ थपथपाई**

**8 हरियाणा के 'ट्रांसपेरेंट-काउंटेबल-ऑनेस्ट रिक्रूटमेंट प्रोसेस' की चर्चा पूरे देश में: उप राष्ट्रपति**





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को सूरजकुंड फरीदाबाद में 'हरियाणा सरकार के 9 अतुलनीय वर्ष' - एक नये एवं जीवंत हरियाणा का उदय शीर्षक नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्मयंत्री मनोहर लाल सहित कई गणमान्य अतिथियों की गरीमामयी उपस्थिति रही। पुस्तक का विमोचन करने के उपरांत उप राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में हरियाणा प्रदेश को देश के लिए रोल मॉडल बताते हुए कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच के अनुरूप व्यवस्था परिवर्तन और सुशासन को लेकर किया गया कार्य आसान नहीं था। व्यवस्था परिवर्तन का यह काम इसलिए कठिन था क्योंकि ऐसा काम करने से सबसे पहले वह लोग आपको चुनौती देते हैं जो आपके इर्द गिर्द होते हैं। वे आपके सामने एक प्रश्न खड़ा करते हैं कि सत्ता में क्यों आए हो, दशकों की राजनीतिक संस्कृति क्यों बदल रहे हो, अपने लोगों को नौकरी नहीं देंगे तो हमें समर्थन कौन देगा। लेकिन मनोहर लाल ने समस्त हरियाणा को अपना परिवार माना और व्यवस्था परिवर्तन का काम कर दिखाया। उन्होंने कहा कि यह संकेत हरियाणा में नहीं अपितु पूरे देश में गया है। आज हरियाणा प्रदेश के 'ट्रांसपेरेंट-अकाउंटेबल-ऑनेस्ट रिक्रूटमेंट प्रोसेस' की चर्चा पूरे देश में होती है। उन्होंने कहा कि कृषि, खेल और रक्षा सेवाओं सहित अनेक क्षेत्रों में आज हरियाणा का परचम है। हरियाणा के किसान और जवान ने हमेशा हमारा सिर ऊंचा करने का कार्य किया है। उन्होंने मनोहर लाल के सुशासन के सातों सिद्धांत ' शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, स्वावलंबन, सुशासन और सेवा 'को सात्विक बताते हुए कहा की ये सातों सिद्धांत प्रजातांत्रिक मूल्यों के लिए अति आवश्यक हैं। जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह से बदल रहा है। आज के दिन उभरते हुए भारत को आप देखेंगे तो जो परिकल्पना हमारी सांस्कृतिक विरासत में है वो हमारी तरक्की में पूरी तरह झलक रही है। भारत का अमृतकाल आज गौरव काल है। यह वह कालखंड है जिसमें भारत की ऐसी मजबूत नींव भरी जा रही है जो यह सुनिश्चित करेगी कि 2047 का भारत, जब भारत आजादी के 100 वर्ष बना रहा होगा, विकसित भारत होगा। उन्होंने कहा कि 10 साल से पहले देश घोटालों और चिंताजनक अर्थव्यवस्था के लिए खबरों में रहता था। आज हम दुनिया की पांचवी बड़ी महाशक्ति बने हैं, हमने कनाडा को पीछे छोड़ा, हमने इंग्लैंड को पीछे छोड़ा, हमने फ्रांस को पीछे छोड़ा और आने वाले 2 -3 साल में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी महाशक्ति होगा। जापान और जर्मनी भी हमसे पीछे रहेंगे।

धनखड़ ने कहा कि एक ऐसा समय था कि भ्रष्टाचार के चलते बिचौलिए के बिना कोई काम सरकार में संभव ही नहीं था और आज बिचौलिए की संस्कृति बिल्कुल गायब हो चुकी है। आज के दिन हमारे यंग माइंड्स को कितना बड़ा इकोसिस्टम मिल रहा है, इससे युवाओं का मनोबल बढ़ा है और वे अपनी कामयाबी के दम पर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

### प्रदेशवासियों के जीवन को बनाया सुगम : मनोहर लाल

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार के 9 अतुलनीय वर्ष पुस्तक में राजनीतिक, शिक्षाविद, सामाजिक, प्रशासनिक व न्यायिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के विचारों का समावेश किया गया है। देश व समाज के हित में प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रबुद्धजनों ने भी इस पुस्तक में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल का अनुभव सांझा करते हुए कहा कि इन 9 वर्षों में सरकार ने जमीनी हकीकत पर कार्य किया और जनमानस की तकलीफों को महसूस करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया। सुशासन व अंत्योदय की भावना पर आगे बढ़ते हुए प्रदेशवासियों के जीवन को सुगम बनाया है। उन्होंने बताया कि तीन सी - क्राइम, करप्शन व कास्ट बेस्ड राजनीति से दूरी बनाते हुए हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना को साकार किया। उन्होंने अपने दृष्टिकोण के ध्येय में सात एस का जिक्र करते हुए बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, स्वावलंबन, सुशासन और सेवा पर आधारित व्यवस्था को आज प्रदेश में स्थापित किया गया है।

### 'विकास गाथा को दर्शाती यह पुस्तक हरियाणा का नया इतिहास बनेगी'

**पुस्तक** विमोचन समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि यह हरियाणा वासियों के लिए गौरव की बात है कि हरियाणा राज्य के विगत नौ साल में हुए विकासात्मक परिवर्तन के सभी गवाह बने हैं और निरंतर हो रहे विकास के फलस्वरूप आगामी पीढ़ी सदैव हरियाणा के इन गौरवशाली पलों को याद रखेगी। राज्यपाल ने कहा कि आज हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन देते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ हरियाणा एक-हरियाणवी एक के सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए समान विकास की विचारधारा से कदम बढ़ाए हैं। नित नए आयाम स्थापित करते हुए हरियाणा की पहचान अब दुनिया में कायम हो रही है। उन्होंने हरियाणा सरकार के नौ अतुलनीय वर्ष पर केंद्रित पुस्तक को प्रदेश के ट्रैक रिकार्ड की पुस्तक बताया। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें सच्चा व अच्छा व्यक्ति बताया और कहा कि जनसेवक के रूप में समस्त हरियाणा उनका परिवार है।

# पूरे प्रदेश में विकास कार्यों की लगी झड़ी: कंवर पाल



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**प्रदेश** के स्कूल शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार विकास कार्यों की झड़ी लगा रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने विकास कार्यों की श्रृंखला में शनिवार को जगाधरी विधानसभा में 78 लाख रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि सडके विकास की धूरी होती है। बिना सडकों के विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है। सरकार ने पुलों के निर्माण, सडकों के नव-निर्माण एवं मुरम्मत के कार्यो पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से मिले, इसके लिए हर क्षेत्र में पारदर्शिता से विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बनते ही सबसे पहले सड़कों की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया गया।

## मनोहरलाल ने दिया हर बूथ जीतने का लक्ष्य

चंडीगढ़ः फरीदाबाद के सूरज कुंड में गांव चलो अभियान के लिए बुलाई गई भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की कार्यशाला में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्यकताओं को हर बूथ जीतने का लक्ष्य दिया, तो प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने भाजपा कार्यकताओं के लिए सब कुछ संभव बताया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा कि सभी सीटें जीतना तो तय है, लेकिन सभी बूथ जीतेंगे तो ही सभी कार्यकर्ताओं के मन में जीत की खुशी होगी। जबकि बिप्लब देब ने भी दसों सीटें जीतने का दावा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकताओं के लिए कुछ भी असम्भव नहीं है। तीन घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने भी गांव चलो अभियान के तहत आगामी दिनों में 24 घंटे बूथों पर रहने वाले 350 पदाधिकारियों को हर घर मोदी-मनोहर की योजनाओं को पहुंचाने का टास्क दिया।

# असहाय लोगों के लिए वरदान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**स्वास्थ्य बीमा**

**8 योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है।**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत असहाय परिवारों की बीमारियों का मुफ्त इलाज करवाया जाता है। इस योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। असहाय लोगों के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना वरदान सिद्ध हो रही है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना हरियाणा के नाम से राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य कल्याण हेतु शुरू किया है। चिरायु योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ही आती है। चिरायु योजना की सहायता से गरीब परिवार के लोग 5 लाख रुपये तक का फ्री इलाज करवा सकते हैं। चिरायु योजना के तहत कम से कम 1500 बीमारियों का इलाज मुफ्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2018 में असहाय परिवारों की बीमारियों का फ्री में इलाज करने के लिए लागू की थी। कुछ परिवार गरीबी के कारण कई बीमारियों का इलाज करवाने में असमर्थ थे तथा बीमारियों के ईलाज पर होने वाले महंगे खर्चों की वजह से कई परिवार गरीबी और कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे थे। ऐसे में सरकार ने आयुष्मान योजना को शुरू करके उनको कर्ज निजात दिलाने और बेहतर स्वास्थ्य लाभ दिलाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 1.80 लाख रुपए तक आय वाले बीपीएल परिवारों को ही लाभ मिलता था। राज्य सरकार ने इस योजना का ज्यादा से ज्यादा से लाभ सुनिश्चित करने के लिए तीन लाख रुपए तक आय वाले परिवारों को भी इस योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ देने के निर्णय लिया है। ऐसे परिवार केवल बहुत कम मासिक चार्ज केवल 1500 रुपए के वार्षिक भुगतान पर पूरे परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते है। इस प्रकार सरकार ने अब लगभग 30 लाख परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि चिरायु योजना के अंतर्गत विवाह अथवा जन्म के माध्यम से किसी नए सदस्य का आगमन होता है तो वह भी इस योजना का लाभार्थी है, जिसके लिए जन्म प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण-पत्र देकर योजना में शामिल हो सकते है। उन्होंने कहा कि यह योजना पूर्णतया कैशलेस है, लाभार्थी केवल अपना आयुष्मान भारत कार्ड दिखाकर ही पैनल पर लिए गए निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त में इलाज करवा सकते हैं। आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने हेतु लाभार्थी किसी भी अटल सेवा केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना परिवार पहचान पत्र या आधार कार्ड दिखाकर बनवा सकते है। इसके अलावा पैनल पर लिए गए निजी अस्पतालों तथा सरकारी अस्पतालों में भी यह कार्ड मुफ्त में बनवा सकते हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी गांव-गांव चिरायु कार्ड बनाने का कार्य किया गया है।

# पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पदमुक्त**

**8 व्यक्तिगत कारणों के कारण, मैं पंजाब के गवर्नर के प्रशासक के तौर पर अपना इस्तीफा देता हूं**

पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा भेज दिया है। इस्तीफे में उन्होंने लिखा है कि निजी कारणों से यह निर्णय लिया हैं। बनवारीलाल पुरोहित ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम चिट्ठी में लिखा, ''व्यक्तिगत कारणों और अन्य प्रतिबद्धता के कारण, मैं पंजाब के गवर्नर और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के तौर पर अपना इस्तीफा देता हूं। कृपया इसे स्वीकार करें.। बनवारी लाल पुरोहित 83वर्ष के है। वे इससे पहले 2017 से 2021 के बीच तमिलनाडु के गवर्नर रहे हैं। वर्ष 2016-2017 के बीच वह असम के गवर्नर भी रह चुके हैं। जबकि अगस्त 2021 में उन्होंने पंजाब के गवर्नर के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने करीब साढ़े तीन साल बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

# उचाना विधानसभा क्षेत्र बनेगा औद्योगिक हबः दुष्यंत

## खटकड़ में ई-भूमि पोर्टल पर पदमा योजना के तहत 1170 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाने के मिले प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**



हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि पदमा योजना के तहत औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने के लिए प्रदेश में 9 जगह चिहिन्त कर किसानों से ई-भूमि पोर्टल पर जमीन उपलब्ध करवाने के आवेदन मांगे गए। जिसके तहत प्रदेशभर में तीन हजार एकड़ से ज्यादा के प्रस्ताव किसानों के मिले है, जिसमें उचाना विधानसभा क्षेत्र के गांव खटकड़ में 1170 एकड़ के दो प्रस्ताव भूमि उपलब्ध करवाने के प्राप्त हुए हैं। उपमुख्यमंत्री उचाना के गांव छातर गौशाला में आयोजित गौमाता सहायतार्थ राशि चैक वितरण समारोह को सम्बोधित कर रह थे। उन्होंने कहा कि इन निश्चित जगहों पर औद्योगिक इकाइयां स्थापित होगीं। इनकी स्थापना होने से उचाना औद्योगिक हब के रूप में उभरेगा और क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कार्यक्रम में गौ- सेवा आयोग के अन्तर्गत उचाना की 8 गौशालाओं को गौ सहायतार्थ करीब 84 लाख रूपए के चैक वितरित किए। इसके साथ ही करीब एक करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से बनी तीन पक्की सड़कों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गौ-सेवा आयोग को 400 करोड़ रूपए आंबटित किए गए है जो प्रदेशभर की गौशालाओं में शैड निर्माण, गोदाम, चार दिवारी, रास्ते को पक्का करना, चारा व्यवस्था व अन्य सुविधाओं पर खर्च किए जाने है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा शुरू किए गए पोर्टल पर पंजीकृत करवाने वाली गौशालाओं को उनकी आवश्यकता के अनुरूप प्रस्ताव पर आर्थिक मदद दिये जाने का प्रावधान किया गया है। गौ-सेवा धार्मिक पुण्य का कार्य है, इसलिए इसमें समाज के लोगों का भी अहम योगदान होता है।

# सरकार श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याकि लिए प्रतिबद्ध

## असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भी मिलेगा योजनाओं का लाभ, विभाग ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों हेतु पंजीकरण सुविधा की शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू कर दिया है। प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल की है। अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से आह्वान किया कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। श्रम विभाग द्वारा हरियाणा के सभी जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए एक विशाल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा जो श्रमिक के पूरे जीवनकाल के लिए वैध होगा। साथ ही श्रमिकों का कौशल मानचित्रण भी किया जाएगा जहां श्रमिक अपने हुनर की पूरी जानकारी रजिस्टर कर सकेंगे जिसकी मदद से नियोक्ता अपनी आवश्यकता अनुसार श्रमिकों को रोजगार प्रदान कर सकेंगे।

कोई भी श्रमिक पर स्वयं पंजीकरण कर सकता है या निकटतम सामान्य सेवा केंद्र या सरल केंद्र पर जाकर पंजीकरण करवा सकता है। पंजीकरण के बाद श्रमिक अपनी जरूरत अनुसार स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकते हैं। अब अप्रवासी श्रमिक भी श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करायें और विभाग द्वारा दी जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठायें।

**श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए पात्रः** प्रवक्ता ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर छोटे और सीमांत किसान, खेतिहर मजदूर, बटाईदार, मछुआरे, पशुपालन के क्षेत्र में शामिल लोग, बीड़ी बनाने वाले, लेबलिंग और पैकिंग, भवन और निर्माण श्रमिक, चमड़े उद्योग के क्षेत्र में शामिल श्रमिक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

## अखिल भारतीय नागरिक सेवा प्रतियोगिता में हरियाणवी दल ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय नागरिक सेवा के तत्वाधान में महाराष्ट्र के नागपुर स्थित डॉक्र बसंतराव देशपांडे सभागार में संगीत, नृत्य व नाटक प्रतियोगिता- 2024 में हरियाणा के लगभग 560 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हरियाणा दल के संयोजक जसविंदर संधू ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा के प्रतिभागियों ने हरियाणवी रंग बिरंगे परिधान पहनकर गीत एवं नृत्य में बड़ी निष्ठा एवं समर्पण के साथ प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत जिस प्रकार हरियाणा की बेटियों ने पूरे भारत में अभिनय की धाक जमाई है।

# नशा मुक्ति को लेकर हैकाथॉन का फाइनल राउंड आज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** पुलिस तथा हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रेल ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में 4 फरवरी को हैकाथॅान का फाइनल राउंड आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर की टॉप 10 टीमें भाग लेंगी। ये टीमें नशामुक्ति को लेकर प्रोटोटाइप्स/सोल्युशन्स प्रस्तुत करेंगी। टीमों को अपनी प्रस्तुत करने के लिए 20 मिनट का समय दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के परिणाम घोषित करने के लिए विशेषज्ञों का पैनल तैयार किया गया है, जो निर्धारित मापदंडों की पालना करते हुए उत्कृष्ट टीमों का चयन करेगा। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के इनोवेटिव आईडियाज को भविष्य में हरियाणा पुलिस द्वारा उपयोग में लाते हुए लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जाएगा।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि युवाओं को नशे से बचाने और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने को लेकर हरियाणा पुलिस तथा हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रेल ब्यूरो द्वारा संयुक्त रूप से डिजीटल प्लेटफार्म के माध्यम से हैकाथॅान का आयोजन किया जा रहा है। 3 दिसंबर 2023 से शुरू हुए हैकाथॅान में देश भर के कॉलेजों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों से 3100 प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए नशा मुक्ति को लेकर प्रोटोटाइप्स/सोल्युशन्स तैयार किए हैं। इनमें से टॉप 10 टीमों को चयनित करते हुए उनका फाइनल राउंड के लिए चयन किया गया है। पंचकूला के पुलिस आयुक्त सिबाश कबिराज ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने के लिए पारंपरिक तौर-तरीकों के साथ साथ डिजीटल प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि युवाओं के जीवन में कई तरह के उतार-चढ़ाव आते हैं, जिससे वे कई बार अपने रास्ते से भटक कर नशे जैसे गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं।

# बजट सत्र में सदन की होगी अभेद्य सुरक्षा

## संसद की घटना से हरियाणा विधान सभा ने ली सीख

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**



गत 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में हुई चूक से हरियाणा विधान सभा ने बड़ा सबक लिया है। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता के निर्देश पर सदन की सुरक्षा को अभेद्य बनाया जा रहा है। इसको लेकर विस अध्यक्ष ने वास्तुकला विभाग और हरियाणा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की है। बैठक में तय हुआ कि सदन की दर्शक दीर्घा और प्रेस दीर्घा के सामने सिक्योरिटी ग्लास स्थापित किया जाएगा। फर्श से सिक्योरिटी ग्लास की ऊंचाई करीब 8.5 फुट रहेगी। यहां बनने वाली दीवार पूरी तरह से अभेद्य होगी। दीवार को बनाने के लिए 13.5 एमएम की मोटाई वाले सिक्योरिटी ग्लास का प्रयोग होगा। इसके लिए दो टफन्ड शीशों को आपस में जोड़ा जाएगा। इसकी बनावट इस प्रकार से होगी कि 6 एमएम की मोटाई वाले दो टफन्ड शीशों के बीचोंबीच 1.5 एमएम का कैमिकल रहेगा। बीच में केमिकल की परत इसलिए लगाई जाएगी कि अगर किसी बहुत भारी वस्तु से उस पर प्रहार भी किया जाएगा तो भी ग्लास के टुकड़े नीचे नहीं गिरेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि टफन्ड ग्लास सामान्य शीशे से 5 गुणा ज्यादा मजबूत होता है।

# 'ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति की गिरदावरी करवाकर मुआवजा दे सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**



**साधा निशाना**

**8 गर्मी की अग्निपरीक्षा देखी, सर्दी परीक्षा देखी और आज बारिश परीक्षा भी देख ली।**

**अंबाला** जिले के मुलाना हलके के ऐतिहासिक दशहरा मैदान में आयोजित विशाल जनआक्रोश रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि गर्मी की अग्निपरीक्षा देखी, सर्दी परीक्षा देखी और आज बारिश परीक्षा भी देख ली। ये इस बात का संकेत है कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है। कड़ाके की ठंड और बारिश के बावजूद भारी संख्या में लोग सुबह से ही मैदान में डटे हुए थे। रैली को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान, सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने भी संबोधित किया। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पंचकुला यमुनानगर, अंबाला, कुरुक्षेत्र आदि जिलों में ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सरकार तुरंत गिरदावरी कराकर किसानों को पूरा मुआवजा दे ताकि उन्हें कुछ राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि 2022 तक किसान की आमदनी दोगुनी करने की बात करने वालों ने किसान की लागत और खर्चा दोगुना कर दिया। खाद का रेट बढ़ा दिया और वेट घटा दिया। वहीं, ये सरकार ठेकेदार बनकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और कौशल रोजगार निगम के जरिये कमीशन पर कच्ची नौकरी दे रही है। उन्होंने कहा कि दूसरे देश की सरकारें तो युद्ध क्षेत्र इजराइल से अपने लोगों को निकाल रही है, लेकिन हरियाणा सरकार अपने युवाओं की जान जोखिम में डालकर उनको इजराइल भेज रही है। हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार का हिसाब करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर इस इलाके की पुरानी मांग दादूपुर नलवी नहर को पुनः बनवायेंगे जिसे इस सरकार ने तहस नहस कर दिया था, ताकि ये इलाका खुशहाल हो और आगे बढ़े। उन्होंने गन्ना किसानों के बकाया पेमेंट की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि 2014 में सरकार छोड़ते समय गन्ना किसानों का एक पैसा बकाया नहीं था लेकिन आज नारायणगढ़ शुगर मिल जाने की बात हो रही है, जहां गन्ना किसानों की पेमेंट बकाया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर गन्ना किसानों की पूरी पेमेंट करायेंगे। किसानों से धोखा नहीं होने देंगे। साथ ही प्रदेश में गन्ने का भाव 450 रुपये प्रति कुंतल किया जाएगा।

# मुलाना में कांग्रेस की जन आक्रोश रैली आयोजित

## हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रैली स्थल पर मौजूद रहे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** मुलाना में विधायक वरुण मुलाना की अध्यक्षता में जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे। इस दौरान हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रैली स्थल पर मौजूद रहे। पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष फूलचंद मुलाना भी रैली में पहुंचे। इस रैली को लेकर पिछले कई दिनों से वरुण मुलाना जनसंपर्क अभियान चलाए हुए थे। कांग्रेस के सीनियर लीडर एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी जन आक्रोश रैली कर लोगों को कांग्रेस के समय की याद दिला रहे हैं। इस रैली में जिसमें पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद



दीपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, लाडवा विधायक मेवा राम, कुरुक्षेत्र से कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उपस्थित हैं। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि जजपा-भाजपा सरकार ने प्रदेश में डाका डाला हुआ है। कांग्रेस के राज में 400 रुपए में मिलने वाला सिलेंडर आज हजार रुपए में मिल रहा है। अशोक अरोड़ा ने कहा कि जिस मंत्री पर महिला कोच ने छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। उसके खिलाफ एफआईआर है, लेकिन सीएम ने आज तक मंत्री को नहीं हटाया। अब जनता ने मन बना लिया है कि वह सीएम खट्टर को हटाएगी। वहीं, रादौर के विधायक डॉ. कृष्ण लाल सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों को सिर्फ गुमराह करने का काम किया है। पहले 15-15 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर करने की बात कही। महिलाएं सुबह-सुबह बैंक के बाहर लाइन में खड़ी होती थीं। खाता खुलवाने के लिए देर शाम तक नंबर लगता था, लेकिन किसी के खाते में कोई पैसे नहीं आए।

**जनसैलाब**

8 महिलाएं सुबह-सुबह बैंक के बाहर लाइन में खड़ी होती थीं। खाता खुलवाने के लिए देर शाम तक नंबर लगता था, लेकिन किसी के खाते में कोई पैसे नहीं आए

# सच्चाई व ईमानदारी से हम प्यार एवं सम्मान के पात्र बनते हैं : बीके रीना

**सम्मान**

8 हर व्यक्ति अपने जीवन मे प्यार और सम्मान चाहता है, जिसके लिए वह हर प्रयास करता है

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** बच्चों मे नैतिक मूल्यों के विकास के लक्ष्य को लेकर गांव सुन्दरपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय मे ब्रह्माकुमारीज बहनों ने बच्चों को जीवन मे ईमानदारी और सच्चाई के महत्व के बारे मे बताया। बच्चों को सम्बोधित करते हुए बीके रीना ने बताया कि ईमानदारी और सच्चाई एक ऐसा गुण है, जिसे हम जीवन मे धारण कर ले, तो हमें कोई नहीं हरा सकता। हर व्यक्ति अपने जीवन मे प्यार और सम्मान चाहता है, जिसके लिए वह हर प्रयास करता है। सच्चाई और ईमानदारी से हम हमेशा सब के प्यार और सम्मान के पात्र बनते हैं।कहा जाता है कि



झूठ के पाव नहीं होते, यानि अगर हम झूठ बोलते भी हैं, तो वह ज्यादा समय तक नहीं चलता है। उल्टा झूठ सामने आने पर हमें और शर्मिंदा होना पड़ता है। इसलिए सबसे बेहतर तो यही है कि हम ऐसे काम करने से बचें, जिनको छुपाने के लिए हमें झूठ बोलना पड़े। फिर भी गलती हो जाए, तो सच बोल कर उसके तनाव से हम स्वयं को बचा सकते हैं। इसके साथ ही बच्चों के साथ ईमानदारी के फायदे और बेईमानी के नुकसान के बारे मे भी चर्चा की गई। छोटी छोटी कहानियों के माध्यम से बच्चों को सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते पर चलने के लिए जिस आत्मिक शक्ति की आवश्यकता होती है, वह हमें परमात्मा से जुड़ने पर प्राप्त होती है, इसलिये प्रतिदिन सुबह उठते ही और रात्रि को सोने से पहले परमात्मा को प्रणाम और धन्यवाद करें। सभी बच्चों ने बीके रीना बहन के विचारों को ध्यान से सुना। अंत मे सभी ने एक स्वर मे सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

# अग्निवीर वायु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

**पानीपत/कमाल हुसैन**

भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीर वायु प्रवेश वर्ष 2025 हेतु चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 6 फरवरी तक किए जा सकते हैं, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च 2024 से आयोजित होगी। पात्र उम्मीदवार पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायुडॉट सीडैक डॉट आईएन पर लॉगिन कर सकते हैं। उम्मीदवारों का जन्म 2 जनवरी, 2004 से 2 जुलाई, 2007 के बीच (दोनों तिथियां सम्मिलित) होना चाहिए। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसार विज्ञान विषय के उम्मीदवारों के लिए केंद्रीय/राज्य/सरकार द्वारा अनुमोदित शिक्षा बोर्डों से गणित, भौतिकी और अंग्रेजी के साथ इंटरमीडिएट/10+2 समकक्ष परीक्षा कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो या केंद्र/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्थान से इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रोनिक्स/ऑटोमोबाइल/कंप्यूटर साइंस/इंस्ट्रूमेंटेश टेक्नोलॉजी/ इंफॉर्मेशन/टेक्नोलॉजी) कुल 50 प्रतिशत अंकों के साथ और डिप्लोमा कोर्स (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन) में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के उत्तीर्ण, यदि अंग्रेजी कोर्स में विषय नहीं है या गैर-व्यावसायिक विषय के साथ दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण। केंद्रीय/

राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से भौतिक विज्ञान और गणित में कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंकों के साथ और वोकेशनल कोर्स में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, अगर अंग्रेजी वोकेशनल कोर्स में एक विषय नहीं है) होने चाहिए।

डीसी ने बताया कि विज्ञान विषयों के अलावा के उम्मीदवारों के लिए केंद्रीय/ राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से किसी भी स्ट्रीम/ विषयों में इंटरमीडिएट/10+2 समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो, जिसमें कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में अगर अंग्रेजी वोकेशनल कोर्स में एक विषय नहीं है) या गैर-व्यावसायिक विषय के साथ दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण हो, को केंद्रीय /राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंकों के साथ और वोकेशनल कोर्स में 50 प्रतिशत अंक (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, अगर अंग्रेजी वोकेशनल कोर्स में एक विषय नहीं है) होने चाहिए। अग्निवीर वायु प्रवेश 01/2025 के लिए चिकित्सा मानक, नियम और शर्तें ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निर्देश व प्रवेश स्तर की योग्यता पर विस्तृत जानकारी और पंजीकरण के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायुडॉटसीडैकडॉटआईएन पर लॉगिन करना होगा।

**आवेदन**

8 पंजीकरण 6 तक किए जा सकते हैं, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च 2024 से आयोजित होगी

# कानूनी साक्षरता: जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में कानूनी साक्षरता के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में राजीव वत्स सहायक निर्देशक शिक्षा विभाग रहे ,। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ,जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती संतोष शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी इन्दु कौशिक, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सचिन्द्र कुमार, कानूनी




साक्षरता क्लब के जिला इंचार्ज शीशपाल जांगड़ा, सतबीर कौशिक उपस्थित रहे। कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न खण्डों में प्रथम ,द्वितीय, तृतीय रहे विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, भाषण ,वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग, स्लोगन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता निभाई। खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने मुख्य अतिथि एवं बाहर से आए गणमान्य अतिथियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर अभिनंदन एवं स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमें जहां अपने अधिकारों का पता है वही संविधान में दिए हुए कर्तव्यों का भी बोध होना चाहिए क्योंकि यदि हमें अपने कर्तव्यों का बोध होगा तभी हमारे अधिकार सुरक्षित रख सकेंगे सरकार के द्वारा आमजन को जो सुविधा प्रदान की जाती हैं ,वह भी कानूनी साक्षरता के माध्यम से उनको प्राप्त करने में सहयोगी हो सकती हैं इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के साथ-साथ आमजन में जागरण की भावना को उत्पन्न करते हैं । मुख्य अतिथि के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का सफल आयोजन गौतम दत्त,नवीन कुमार, प्यारे लाल ,सुनीता नैन ,श्रीमती कृष्णा आदी की अहम भूमिका रही ।

**सम्मान**

8 मुख्य अतिथि के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया

# अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी

**पानीपत/कमाल हुसैन**

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में शहर को जाम मुक्त करने की दिशा में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए अभियान के तहत सोमवार को ट्रैफिक पुलिस टीम ने किशनपुरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत गोहाना मोड़ से संजय चौक व सजंय चौक से जाटाल रोड पर फ्लाई ओवर पुल तक अतिक्रमण हटवाकर सर्विस लेन व फुटपाथ को खाली करवाया। शहर यातायात वेस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रणबीर व किशनपुरा चौकी इंचार्ज एएसआई प्रमोद ने दुकानों के बाहर अवैध तरिके से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत देकर फुटपाथ पर रखे सामान व खड़े वाहनों को हटवाया गया।

# खुंब उत्पादन कर महिलाएं लाखों रुपये कमा सकती हैं: रीटा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए समय-समय पर मशरूम उत्पादन की ट्रेनिंग दी जाती है जिसके परिणाम भी अब सामने आ रहे हैं प्रदेश के अनेक किसान मशरूम की पैदावार में जुटे हुए हैं।बाजार में मशरूम की भरी मांग के चलते इसके अच्छे दाम भी किसानों को मिल रहे हैं। खास बात यह है कि यह व्यवसाय छोटे किसान भी आसानी से कर सकते हैं, और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं एवं अनुदानों का लाभ भी ले सकते हैं जिला अंबाला



के श्री क्षेत्र और अनेक गांव में छोटे किसान घरों में ही खुंब उत्पादन कर हजारों रुपया प्रतिदिन काम रहे है चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ,हिसार से कृषि विज्ञान केंद्र अंबाला शहर की कोडिनेटर डा सुनीता अहूजा ने बताया की हम समय-समय पर खूब उत्पादन कहां प्रशिक्षण देते हैं। खूंब उत्पादन एक बहुत अच्छा व्यवसाय है खासकर भूमिहीन किसानों के लिए यह काफी फायदेमंद है यहां तक की खूब उत्पादन को घरों में ही किया जा सकता है लोगों में किसानों का रुझान ईश्वर काफी बड़ा है महिलाएं घर में बैठकर ही घर के कामकाज के साथ मशरूम उत्पादन भी कर सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती है उन्होंने कहा कि यहां पर किसानों को निशुल्क ट्रेनिंग कराई जाती है तथा बागवानी विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन पर अनुदान का भी प्रावधान है उन्होंने बताया कि यहां पर ट्रेनिंग करने पर किसानों को प्रमाण पत्र भी दिया जाता है जिस पर कुंभ व्यवसाय के लिए आसानी से ऋण भी उपलब्ध हो जाता है खूब उत्पादन कर अधिक धन कमाया जा सकता है।

# भाजपा सरकार ने जुमलों के अलावा कुछ नहीं दिया: सचिन



**पानीपत/कमाल हुसैन**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा , कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का ह्लघर घर कांग्रेस - हर घर कांग्रेस" अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण की गोपाल कॉलोनी में जनसंपर्क किया। इस अभियान के तहत हम कांग्रेस की नीतियों व संकल्पों को और बीजेपी-जेजेपी सरकार की नाकामियों को हरियाणा के जन-जन तक पहुचायेंगे। यहां के लोगो का उत्साह कांग्रेस को एक नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। यह बताता है कि लोगों के मन में क्या है ? इस दौरान सभी नौजवान साथियों से मिले सहयोग, समर्थन व बड़े-बुजुर्गों से मिले आशीर्वाद के लिए आप सभी का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूँ ।इस विशाल जनसैलाब के उत्साह व जोश से स्पष्ट है कि हरियाणा में परिवर्तन की शुरूआत हो चुकी है।

सचिन कुंडू ने कहा कि हल्का पानीपत ग्रामीण की समस्त कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। परंतु सरकार ने कालोनीवासियों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है। वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं, फैमली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है उद्योग जगत चौपट पड़े हैं, युवा बेरोजार सड़कों पर घूम रहे हैं। प्रदेश के हर वर्ग में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है

**साधा निशाना**

8 हल्का पानीपत ग्रामीण की समस्त कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं ह

# हिंदी डिजिटल ई-बुक कुरुक्षेत्र की सक्षम कक्षा ऐप पर हुई अपलोड

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग,जिला कैथल हरियाणा में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा तैयार हिंदी भाषा खेल किट संदर्शिका डिजिटल ई-बुक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र की सक्षम कक्षा एप्प पर जिला कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिए अपलोड कर दी गई है। डॉ चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा हाल ही में बालवाटिका, कक्षा पहली तथा दूसरी के विद्यार्थियों को खेल-खेल में भाषा सीखने-सिखाने हेतु हिंदी भाषा खेल किट संदर्शिका डिजिटल ई-बुक तैयार की गई।

# 'भ्रष्टाचार का अंत करेगी कांग्रेस संदेश यात्रा'

**निजात**

8 भाजपा सरकार के जुल्मों से निजात दिलाने के लिए हरियाणा की बेटी शैलजा ने बीड़ा उठाया है

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, विधायक किरण चौधरी के नेतृत्व में हरियाणा में चल रही कांग्रेस संदेश यात्रा प्रदेश से भय भूख और भ्रष्टाचार का



अंत करेगी। यह शब्द प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता लक्ष्मी कान्त शर्मा एडवोकेट ने कहे। उन्होंने कहा भाजपा सरकार के जुल्मो से निजात दिलाने के लिए हरियाणा की बेटी शैलजा ने बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि यात्रा को हरियाणा में मिल रहे जनसमर्थन से प्रदेश में क्रांतिकारी परिवर्तन तय है। यात्रा 4 फरवरी को थानेसर विधानसभा में प्रवेश कर रही है जिसका विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया जाएगा। कांग्रेस नेता बलजीत सिंह ने कहा कि संदेश यात्रा को लेकर कुरुक्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है। ऐतिहासिक बिरला मंदिर चौक पर तीनो नेताओं के लिए स्वागत सभा होगी।

# एफ. एल. एन. की वजह से शिक्षण व्यवस्था हो रही प्रभावित: संदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** एफ .एल.एन. कार्यक्रम को शिक्षा में सुधार के लिए चलाया गया था लेकिन इसके कागजी कार्यों की वजह से शिक्षण का



का ओनलाइन व आफलाइन आकलन करना होता है।मिशन निपुण हरियाणा की प्रगति जांचने के लिए 29 जनवरी से 24 फरवरी तक का समय दिया गया है। प्राइमरी अध्यापक पर शिक्षक

समय कम होता जा रहा है। इसके अंतर्गत दैनिक, साप्ताहिक व मासिक दक्षताएं के आधार पर पुनरावृति, ट्रैक्र व सावधिक आकलन करने होते हैं जिनको स्कूल शिक्षक को दर्ज भी करना होता है। कक्षा वार प्रति मिनट शब्द के अतिरिक्त इंचार्ज, क्लर्क, स्वीपर,बीएलओ, फैमिली आईडी आदि के भी अनेक कार्य करने होते हैं।शिक्षक संदीप सहारन के अनुसार एफएलएन को मासिक आधार पर और छोटे प्रारूप में ही आकलन करना चाहिए।

# मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत संवाद सत्र का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी विद्यालय खैरी मे विद्यालय की छात्राओं का रोल मॉडल के साथ साथ मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत संवाद सत्र का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी द्वारा की गई।रोल मॉडल के रूप मे डॉ. नीति गोयल (एसोसिएट प्रोफेसर) आई.जी. एन. कॉलेज लाडवा उपस्थित रही।डॉ. नीति ने छात्राओं के साथ अपने संवाद सत्र मे अपने जीवन के संघर्ष और मेहनत के विषय में बताया।उन्होंने अच्छे और बुरे स्पर्श से अवगत करवाते हुए



बताया कि जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प होना चाहिए।जीवन में आ रही बाधाओं से डरने की अपेक्षा उनका डटकर मुकाबला करना चाहिए।उन्होंने छात्राओं को अपने विचार कहानियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किये।इस अवसर पर एस. एम. सी. प्रधान सुनीता ,आंगनवाडी कार्यकर्ता ,ए. एन. एम. अभिभावक व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# नहर पर पुल निर्माण के दौरान मिट्टी की ढांग धंसी, 2 मजदूरों की मौत

## मृतकों के परिजनों ने ठेकेदार पर लगाया समझौता के लिए दबाव का आरोप

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा** थाना के गांव ढिंढार के पास दिल्ली पैरलल नहर पर पुल निर्माण के दौरान मजदूरों के साथ बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी खुदाई के बाद नीचे सफाई करते मजदूरों के उपर मिट्टी की ढांग गिर गई जिससे मिट्टी के नीचे दबने से दो मजदूरों की जान चली गई। मृतकों के परिजनों ने ठेकेदार पर समझोते का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक मजदूरों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत भिजवा दिया है।

घटना शुक्रवार देर शाम करीब 7 बजे की बताई जा रही है।दिल्ली पैरलल नहर पर गांव ढिंढार के पास पुल बनाने के लिए 6-7



मजदूर मिट्टी खुदाई का काम कर रहे थे कि अचानक उपर से मिट्टी की ढांग गिर गई जिससे मजदूर मिट्टी के नीचे दब गए सूचना पाकर खुबड़ू नहर के पास खुदाई कार्य में लगे मजदूर तुरंत दौड़े ओर राहत कार्य में जुट गए। साथी मजदूरों ने 6 को तो जिंदा निकाल लिया ,जबकि 2 मजदूरों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 1 मजदूर की मौत मौके पर तथा दूसरे ने निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान अमित (24) वासी बदायूं यूपी व देवेश (18) वासी बरेली यूपी के तौर पर हुई है।

उधर सूचना पाकर शनिवार सुबह समालखा थाना पहुंचे मृतकों के परिजनों ने ठेकेदार पर समझौता करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। मृतक देवेश के पिता ब्रह्म स्वरूप व अमित के परिजन प्रेम राज ने आरोप लगाया है कि यह घटना ठेकेदार की लापरवाही से हुई है, क्योंकि ठेकेदार देर शाम तक खुदाई कार्य करवा रहा था मौके पर लाइट की व्यवस्था न होने के कारण अंधेरे में काम करते हुए हादसा हुआ। ओर अब ठेकेदार समझौता का दबाव बना रहा है।

इस संदर्भ में समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि उन्हें डायल 112 पर सूचना मिली। मिट्टी खुदाई के बाद नीचे सफाई करते समय ढांग धंसने से हादसा हुआ है। परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जायेगी।

## न्यूज फ्लैश

### सीसीएल के जोश में लिपटा बुर्ज खलीफा, पंजाब दे शेर के सितारे क्षण के बने प्रत्यक्ष गवाह

**चंडीगढ़:** सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग ने दुबई में शानदार प्रदर्शन के साथ अपने दसवें सीजन का आगाज किया जिसमें पंजाब दे शेर के कप्तान सोनू सूद, अभिनेता गायक व टीम के को – ओनर नवराज हंस और ओनर पुनीत सिंह शामिल हुये। इस अवसर पर क्षेत्रीय फिल्म उद्योगों के सुपरस्टार्स भी जुटे जिनमें किच्चा सुदीप, सोहेल खान, आर्य और जीवा, थमन, सुधीर बाबू, जिस्सू सेनगुप्ता, इंद्रजीत सुकमारन, उन्नी मुंकुदन व अन्य ने बुर्ज खलीफा मे लिपटी सीसीएल की भव्यता का आनंद लिया। सीसीएल 23 फरवरी को शारजाह में शुरू होने जा रही है जिसमें बीस एक्शन से भरपूर और मनोरंजक मैचों के माध्यम से विश्व भर के फैन्स जुटेंगें। टीम के ओनर पुनीत सिंह ने इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुये बताया कि सीसीएल इंटरटेनर्स और उनके फैन्स के बीच बंधन का एक सहानुभूतिपूर्ण माध्यम बन चुका है। उन्हें विश्वास जताया कि पंजाब दे शेर सीसीएल के इस एडीशन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देकर कप जीतने में कोई कसर नहीं छोडेगी। बुर्ज खलीफा के आश्चर्यजनक दृश्य पर सोनू सूद ने अपने विचार साझा करते हुये कहा कि भारत के आठ जीवंत फिल्म उद्योगों का प्रतिनिधित्व करने वाले सुपर स्टारों के साथ होना और दुनिया के बेहतरीन वंडर्स में से एक बुर्ज खलीफा में लिपटे सीसीएल लांच भी अनुभूमि व्यक्त अत्यंत रोमांचक है। उन्होंने उम्मीद जताई सिने और खेल जगत के इस उत्तम समावेश के साथ फैन्स को भरपूर मनोरंजन प्राप्त होगा।

### शहरी चकाचौंध के बीच मंदिरों और वाद्य यंत्रों के मॉडल तैयार कर पिता पुत्र कायम रखें है लोगों की आस्था



**चंडीगढ़:** आधुनिकीकरण और शहरी चकाचौंध के बीच आस्था का असस्तित्व आज भी कायम है। इसका जीता जागता प्रमाण सेक्टर 34 में आयोजित किये जा रहे सरस मेले के दौरान कुल्लू जिले से आये शिल्पकार बाप-बेटे की जोड़ी सिद्ध कर रही है। जिले के भुंतर तहसील के गांव रोगना से आये प्रदीप कुमार और उनके बेटे बलबीर हाथ के बने प्राचीन मंदिरों और वाद्य यंत्रों की व्यापक रेंज अपने स्टाल में पेश रहे हैं। यह तीसरी पीढ़ी इस कार्यशैली में जुटी है जो कि अपनी पुरानी परम्परा को कायम रखे हुये है। बलबीर ने बताया कि मंदिर के माडल बनाने में स्थानीय देवदार की लकड़ी के साथ पत्थरों का उपयोग करते हैं जिससे बनाने में दो दिन से लेकर एक लगभग एक सप्ताह का दिन लग जाता है। माडल आठ इंच से लेकर पांच फुट तक बनाये जाते है। उनके द्वारा बनाये गये माडल्स में भीमाकाली, चैन कोठी, बिजली महादेव, हडिम्बा माता, पराशर और अयोध्या स्थित राम मंदिर आदि लोकप्रिय हो रहे हैं।

इसके अलावा बाप बेटे की यह जोड़ी पारम्परिक वाद्य यंत्र भी बनाते हैं जिन्होंनें मंदिरों के साथ साथ लोगों के ड्राईग रुम्स में अच्छी खासी जगह बना ली है। यह वाद्य यंत्र पीतल और तांबे धातुओं से बनाई जाती है। बलबीर बताते हैं पहले वे सरकारी और टेम्पल ट्रस्ट के आर्डर्स ही लेते थे परन्तु लोगों की आस्था अब घरों में मंदिर रखने की भी है जिससे उन्हें अपने काम प्रोत्साहन मिलता है। यह कला लुप्त न हो जाये इसलिये बलबीर के पिता प्रदीप कुमार मुख्यमंत्री ग्रामीण कौशल योजना के तहत स्थानीय स्कूल ड्रॉप आउट युवाओं को ट्रेनिंग देकर कमाने योग्य बनाते हैं। वर्तमान में वे लगभग एक दर्जन युवाओं को ट्रेनिंग दे रहे हैं। बलबीर ग्रामीण विकास मंत्रालय के रुरल लाईवलीहुड मिशन की प्रयासो की सराहना करते हुये बताते हैं कि ग्रामीण युवाओं को चंडीगढ़.जैसे मार्केट प्रदान करवाना ग्रामीण भारत का सशक्तिकरण है। सरस मेले के दौरान एक ऐसे कई उदाहरण है जिनको ऐसे एक्सपोजर के माध्यम से प्रगति की दिशा प्राप्त होगी।

# जिम्मेदार मस्त, जनता त्रस्त: गलियों में बहता नालियों का गंदा पानी, वार्डवासी आक्रोशित

## नगरपालिका के वाइस चेयरमैन के वार्ड का है बुराहाल ,लोगों ने कई बार नपा अधिकारियों को लगाई है सफाई की गुहार



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **गन्नौर** शहर के वार्ड 14 की मुख्य गली में पिछले कई दिनों से नालियों का गन्दा व बदबूदार पानी गलियों भरा हुआ है। जिससे चलते लोगों में नगरपालिका व प्रशासन के प्रति रोष है। लोगों का कहना कि इस गली में जैन स्थानक ,दो मंदिर व कई दुकानें भी मौजूद है ये वार्ड की मुख्य गली है लेकिन पिछले कई दिनों से गंदे पानी से, गालियां जलमग्न हो रही है और हर तरफ गंदगी फैल रही है। लोगों का कहना है कि उन्होंने वार्ड पार्षद को अपने एक-एक मत देकर जिम्मेदार वार्ड का मुखिया बनाया था कि उनके वार्ड का विकास हो स्वच्छ और साफ होगा, लेकिन जिम्मेदारों कि शायद अभी तक नींद नहीं खुली है वार्ड में कई जगह नाली सिल्ट से पट गयी है। गली में सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के कारण गलियों में ही पानी भरा हुआ है। विकास के मामले में शून्य होता नजर आ रहा है, ऐसे में ने जिम्मेदार नगरपालिका व उपमंडल प्रशासन के प्रति अच्छा खासा रोष बना हुआ है। लोगों ने कहा कि नालियों की सफाई नहीं होने के कारण पानी ओवरफ्लो होकर गली में जमा हो जाता है, जिसके कारण उक मुख्य गली में भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। दुकानदार नरेश कुमार, सुभाष, कुलदीप, राजेश, सुरेश व अमित का कहना है कि यहां सफाईकर्मी कई कई दिनों में आते है, जो सिर्फ खानापूर्ति ही करते है। लेकिन कोई सुधार नही हुआ है। लोगों का कहना है कि गंदगी होने से संक्रमित बीमारियों का भी खतरा निरन्तर बना हुआ है। कई दिनों से पानी गलियों में बहता रहने के कारण गली में गोबर जमा हो गई है। जिसके कारण अनेक बार लोग फिसल कर गिर चुके है। क्योंकि कचरे में पानी भर जाने से दुर्गंध आती रहती है। लंबे समय से सफाई नहीं कराए जाने के कारण नाले-नालियां कचरे से पटे हुए है। नालियों में इतना कचरा भरा है कि पानी की निकासी नहीं हो पाती है और घरों का गंदा पानी गली के ऊपर होकर बहता रहता है। वार्ड के लोगों का कहना है कि मजबूरीवश हम लोगो को ही नालियों की सफाई करनी पड़ती है। नगरपालिका सफाई निरीक्षक पोषण मलिक ने बताया कि वार्ड 14 की गली में पानी भरने का मामला उनके संज्ञान में नही था,अभी सफाई कर्मचारी भेजकर गली व नालियों कि सफाई करवा दी जाएगी।

## जाति-धर्म में बांटकर लोगों को गुमराह कर रही भाजपा: जयभगवान आंतिल



**टीम एक्शन इंडिया/राई** बसौदी गांव में ग्रामीणों की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के साथ जुड़ने के साथ कांग्रेस नीतियों के प्रति प्रेरित किया। साथ ही भाजपा सरकार पर लोगों को जाति-धर्म में बांटकर गुमराह करने के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास की बात छोड़कर लोगों को जाति-धर्म में बांटने का काम किया है। धर्म के नाम पर माहौल बिगाड़कर आपस का भाईचारा बिगाड़ा जा रहा है, जो गलत है। आंतिल ने कहा कि भाजपा ने राजनीति करनी है तो युवाओं के रोजगार, महिलाओं के सम्मान, किसानों की समृद्धि, बढती महंगाई, क्षेत्र के विकास के मुद्दे पर करनी चाहिए। मुद्दों से भटकाकर एक सोची-समझी रणनीति के तहत लोगों की भावनाओं से खेला जा रहा है।

## 200 ग्राम 40 मिलीग्राम अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। स्पेशल स्टॉफ** असंध की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर कस्बा असंध से आरोपी लखविंद्र सिंह उर्फ लक्खा पुत्र लाभ सिंह वासी वार्ड डेरा गामा असंध को गिरफ्तार किया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 200 ग्राम 40 मिलीग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी लखविंद्र सिंह ने बताया कि वह यह अफीम करनाल के ही खिजराबाद गांव के शेर सिंह नाम के व्यक्ति से लेकर आया था। जिसको यह खाने का शौकीन भी है और चलते फिरते नशा करने वालों को ऊंची कीमत में बेचकर पैसे भी कमाता है।

स्पेशल स्टाफ की टीम द्वारा आरोपी लखविंद्र की निशानदेही पर अफीम उपलब्ध कराने वाले आरोपी इशेर सिंह पुत्र अंग्रेज सिंह वासी खिजराबाद करनाल को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## घर में घुसकर मारपीट के बाद दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**गन्नौर: भौरा** रसुलपुर गांव में मिलने से मना करने पर घर आकर मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज करवाया है। गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में भौरा रसुलपुर के गोविन्द ने बताया कि मेरे पास पड़ोसी सागर का फोन आया और उसने मुझे मिलने के लिए गन्नौर बुलाने लगा। जब मैने गन्नौर जाने से मना किया तो कुछ देर बाद सागर का पिता सागर के साथ हमारे घर पर आया और हमारे साथ गाली गलौच करने लगा। दोनों हमारे न बोलने के बाद चले गए फिर कुछ देर बाद हमारे घर रामबीर , नीरज, सागर, मनजित और मन्नु ने आकर हमारे साथ मार पीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## सूर्य नमस्कार में किया जाता है आसनों का अभ्यास: डा. अमित पुंज



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। आयुष** विभाग द्वारा हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत शनिवार को जिला के सभी ब्लॉकों में 38 योग सहायकों के द्वारा योग व्यायाम शालाओं तथा सरकारी विद्यालयों में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।

हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी तथा आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने बताया कि हरियाणा योग आयोग पंचकूला तथा आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 1 फरवरी से 20 फरवरी तक यह अभियान चलाया जा रहा है। आज इस अभियान के तीसरे दिन घरौंडा ब्लॉक के योग सहायकों द्वारा कोहंड गांव के सरकारी प्राइमरी स्कूल व सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया, जिसमें सुमन संधू, राजेंद्र, विपिन ग्रोवर, अनुराधा, व अंजू द्वारा बच्चों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया।

उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार में आसनों का अभ्यास किया जाता है। इसका प्रत्येक आसान शरीर के अलग-अलग भागों को सुडोल व स्थिर बनाता है। सूर्य नमस्कार को करते समय किस प्रकार सांस लेनी व छोडनी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। सुमन संधू ने बताया कि सूर्य नमस्कार करने से शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम होती है, कमर लचीली बनती है, मानसिक तनाव से निजात मिलती है।

# एक दिवसीय 167वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### 167वां पर्यावरण संरक्षण, साइकिल चलाओ-पर्यावरण बचाओ, साइबर अपराध से सावधानी, सडक सुरक्षा और विशेष रूप से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस**
**हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डा. अशोक कुमार वर्मा आज एसडी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में पहुंचे और और एक दिवसीय 167वां पर्यावरण संरक्षण, साइकिल चलाओ-पर्यावरण बचाओ, साइबर अपराध से सावधानी, सडक सुरक्षा और विशेष रूप से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 125 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के अधिकारी राजपाल चौधरी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्वप्रथम पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि क्यूबा जैसे छोटे से देश ने अपनी अर्थव्यवस्था और पर्यावरण को नियंत्रित किया था, जिसमें इस समस्या से निपटने के लिए क्यूबा ने साइकिल की सवारी को प्रोत्साहित किया, जिससे कुछ समय में पर्यावरण शुद्ध हो गया और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो गई थी। आज सभी को साइकिल चलाना चाहिए, क्योंकि साइकिल की सवारी सबसे न्यारी।

**जागरूक किया**

**8 साइकिल के प्रयोग पर जोर देते हुए कहा कि आओ छोटे बड़े सफर साइकिल से तय करें**

उन्होंने साइकिल के प्रयोग पर जोर देते हुए कहा कि आओ छोटे बड़े सफर साइकिल से तय करें। ईंधन बचाएं, पर्यावरण सुधारें और सडकों पर गाडियों का बोझ कम करें। हमारे पूर्वजों को नहीं होता था कोई रोग, क्योंकि वे सदैव करते थे साइकिल का प्रयोग।

इसके पश्चात उन्होंने साईबर ठगों से बचाव बारे जागरूक करते हुए कहा कि अपनी निजी जानकारी अन्य व्यक्ति के साथ सांझा न करें। सडक सुरक्षा बारे विस्तार से बात करते हुए बताया कि सडक के नियमों की अवहेलना भारी पड़ सकती है। विभिन्न नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सडक सुरक्षा जीवन रक्षा विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि नशा दो प्रकार का है। एक प्रतिबंधित और दूसरा अप्रतिबन्धित। दोनों प्रकार के ही नशे मनुष्य के लिए हानिकारक हैं।

## चीन मिल पेराई सत्र-मौसम की खराबी के चलते नो-केन हुआ चीनी मिल

**सोनीपत: जिले** में दो दिनों तक रुक-रुक कर हुई बारिश का असर चीनी मिल के पेराई सत्र को देखने को मिला। तेज रफ्तार से चल रहा चीनी मिल सोनीपत में मौसम की खराबी के चलते नो-केन हो गया। जिसके चलते मिल प्रबंधन को कारखाने में सफाई कार्य को करवाना शुरू कर दिया। मिल प्रबधंन की तरफ से शनिवार दोपहर 12 बजे तक कारखाने में सफाई के लिए ब्रेक लिया है। ताकि आगामी दिनों में पेराई सत्र को सुचारू रूप से चलाया जा सके।

बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में पेराई सत्र 2023-24 की शुरूआत नवंबर माह में हुई थी। हाल में चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। पेराई सत्र में अब तक 13 लाख 28 हजार 600 क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। चीनी मिल ने किसानों के साथ करीब साढ़े 33 लाख क्विंटल गन्ने का करार किया है। हाल में यार्ड में करीब 450 क्विंटल गन्ना व फील्ड में करीब 17 हजार आठ सौ बीस क्विंटल गन्ना मिल की तरफ से होना बताया जा रहा है। दो दिन से रूक-रूककर हो रही बारिश के चलते मिल प्रबंधन को पेराई सत्र को रोकना पड़ा। यार्ड में बारिश के चलते पर्याप्त गन्ना किसान लेकर नहीं पहुंचे। जिसके चलते रात को नो-केन की स्थिति प्रबंधन के सामने आकर खड़ी हो गई। प्रबंधन की तरफ से कारखाने में सफाई करने का समय मिल गई। प्रबंधन की तरफ से शनिवार दोपहर 12 बजे तक कारखने में सफाई कार्य को पूरा कर लि जायेगा। उसके बाद पेराई सत्र को फिर से पटरी पर जाने का प्रयास प्रबंधन की तरफ से किया जायेगा।

## बर्गलरी स्टाफ की टीम ने दो चोरों को किया गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**
**बर्गलरी** स्टाफ की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर शिकायतकर्ता धर्मवीर खन्ना वासी करण विहार करनाल की उचाना के पास कंस्ट्रक्शन साइट से पानी की मोटर चोरी करने वाले दो आरोपियों नीरज पुत्र विनोद और सुधांशु पुत्र सुनील वासियान हंडोखा झारखंड हाल इरोज अस्पताल नजदीक केएफसी करनाल को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चुराई गई पानी की मोटर बरामद की गई। इस संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपियों ने पैसों के लालच में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## कैमला गांव के युवक का किया अपहरण, किया टॉर्चर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**
**जिले** के कैमला गांव के एक युवक ने कोहंड गांव के कुछ लोगों पर उसका अपहरण कर थर्ड डिग्री टॉर्चर करने के आरोप लगाए हैं। पीडित को तीन दिन तक घर में बंधक बनाकर रखा गया। आरोप है कि युवक के चेहरे पर उबलता हुआ गर्म पानी भी डाला गया और उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की गई। किसी तरह से उसके हाथ मोबाइल लगा और उसने अपने भाई को कॉल कर दिया, जिसके बाद उसका भाई पुलिस लेकर कोहंड गांव में पहुंच गया और उसे वहां से आजाद करवाया। पीडित का घरौंडा के सरकारी अस्पताल में मेडिकल करवाया गया है और मामले की सूचना पुलिस को की है। मामला पैसों के लेन देन से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। गांव कैमला निवासी रामपाल पुत्र मांगेराम मेहनत मजदूरी का काम करता है।

बीती एक जनवरी को वह पूजा करने के लिए गन्नौर के किसी मंदिर में गया हुआ था। रामपाल ने आरोप लगाया है कि करीब छह बजे वहां पर एक कार आई और उसमें सवार चार लोगों ने उसका वहां से उठा लिया। उसको कोहंड में लेकर आए, जहां पर उसे एक कमरे में बंद कर दिया। वहीं पर उसके साथ अपहरणकताओं ने मारपीट की। उसे लोहे की बेल से बांधे रखा। वह दर्द से कराह रहा था। तीन दिन उसके साथ बुरा बर्ताव किया गया। पीडित रामपाल ने बताया है कि जब वह कमरे में था तो अपहरणकर्ता ईधर-उधर हो गए और उसके हाथ उसका मोबाइल फोन लग गया। उसने तुरंत अपने भाई जसमेर को कॉल किया और बताया कि वह कोहंड गांव में बंधक बना हुआ है। जसमेर तुरंत घरौंडा पुलिस थाने पहुंचा और थाना प्रभारी को पूरा मामला बताया। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और डायल-112 की टीम के साथ जसमेर व उसके साथी कोहंड गांव में पहुंचे, जहां पर उन्हें रामपाल मिला।

जसमेर ने बताया कि उसके भाई को वहां पर बंधक बनाया हुआ था और तीन चार लोग उसके आसपास कुर्सियां बिछाकर बैठे हुए थे, जिनके हाथों में लाठी डंडे थे। उन्होंने रामपाल को उनके चंगुल से छुड़वाया। डायल-112 की टीम पीडित को घरौंडा थाने में लेकर पहुंची, जहां पर पुलिस ने मेडिकल करवाने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने घरौंडा के सरकारी अस्पताल में अपना मेडिकल करवाया।

# लक्षिता राठी ने नेटबॉल में गोल्ड मैडल जीतकर गांव का नाम रौशन किया

### मध्यप्रदेश के खरगोन में हुई 36 वीं जूनियर नेटबाल प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मैडलमध्यप्रदेश के खरगोन में हुई 36वीं जूनियर नेटबाल प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मैडल



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गांव राजलू** गढ़ी की नेटबाल की खिलाड़ी लक्षिता राठी ने मध्यप्रदेश के खरगोन में हुई 36 वीं जूनियर नेटबाल प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम में प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मैडल जीतकर गांव का नाम रौशन किया है। लक्षिता पुत्री स्वर्गीय सुधीर राठी के पदक जितने पर गांव में खुशी की लहर है। इससे पहले भी लक्षित राठी रोहतक में हुई स्टेट प्रतियोगिता में सिल्वर पदक जीतकर गांव का नाम रौशन किया था। लक्षित ने इस सफलता का श्रेय अपनी कोच बबीता दहिया व दादी मूर्ति देवी, मां रीना राठी, चाची शालिनी व बैंक मैनेजर अपने चाचा सुनील राठी को दिया है। लक्षिता राठी ने पदक जितने पर खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि उनका अगला लक्ष्य अर्न्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर गांव का नाम रौशन करना है। इसके लिए वह अभी से ही अपनी कोच बबीता दहिया के मार्गदर्शन में लिटिल एंजल स्कूल के पास अकेडमी में तैयारी में जुटी है। पदक जितने में कोच के साथ दादी मूर्ति राठी का पूरा सहयोग है। वह हाल में छोटूराम विश्वविद्यालय मुरथल में अंग्रेजी आनर्स से प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। बेटी के पदक जितने की खुशी में सुमेर राठी, राजपाल, जिले सिंह राठी, जोगेन्द्र राठी, करतार राठी, त्रिलोकचंद शर्मा, राजसिंह आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**जश्न**

**8 इससे पहले भी लक्षित स्टेट प्रतियोगिता में सिल्वर पदक जीतकर गांव का नाम रौशन किया था**

लक्षिता की दादी मूर्ति राठी ने बताया कि उसे अपनी पोती के पदक जितने पर गर्व है। वह पढ़ाई के साथ- साथ खेल में पूरी मेहनत कर रही है। उसे पूरी उम्मीद है कि एक दिन उसकी पोती अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर गांव का नाम रौशन करेगी।

## एचएसआइआइडीसी बड़ी में अब खुलेंगी दुकानें



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। एचएसआइआइडीसी** बड़ी में अब दुकानें, शापिंग माल व आउटलेट व निजी कार्यालय खोले जा सकेंगे। एचएसआइआइडीसी बड़ी में वाणिह्यिक प्लाट बेचने की कवायद शुरू कर दी है। ई निलामी के माध्यम से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में वाणिज्यिक प्लाट खरीदे जा सकते हैं। प्लाट खरीदने के लिए ई नीलामी 23 फरवरी को होगी। ई नीलामी में भाग लेने के लिए 15 फरवरी तक हरियाणा राज्य औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम निगम के पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा सकता है। एचएसआइडीसी बड़ी के संपदा अधिकारी ऋषि चौहान ने बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में वाणिज्यिक गतिविधियां बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। बड़ी फेज 1 में वाणिज्यिक प्लाट खाली हैं। 450 वर्ग मीटर के इन प्लाटों को निगम की ओर से ई नीलामी प्रक्रिया से बेचने की प्रक्रिया चल रही है। यहां दुकानों के साथ-साथ कोई भी संस्था व फैक्टरी वाले अपना आउटलेट कार्यालय भी खोल सकते हैं। दुकानों के साथ-साथ प्लटों में बैंक, निजी कार्यालय या शापिंग माल भी खोले जा सकते हैं।

इसके लिए एक अंडरग्राउंड के अलावा यहां तीन मंजिला वाणियिक भवन बनाया जा सकता है। एचएसआइडीसी बड़ी के संपदा अधिकारी षि चौहान ने बताया कि ई नीलामी के लिए 15 फरवरी तक पंजीकरण कराया जा सकता है।

## संपादकीय

# मोदी की गारंटी वाला बजट

**केंद्र** सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट प्रस्तुत कर दिया है। इस बजट में हालांकि कोई व्यापक परिवर्तन नहीं किया है, लेकिन जिस प्रकार पिछले बजट के कारण भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है, वैसी ही राह का अनुसरण इस बार के बजट में किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बजटों के माध्यम से भारत ने अर्थव्यवस्था के मामले में नए कीर्तिमान बनाते हुए एक वैश्विक आयाम स्थापित किया है। जिसकी चर्चा पूरे देश में तो है ही, साथ विश्व के अनेक देश भारत के इन आर्थिक कदमों की प्रशंसा कर रहे हैं। कोरोनाकाल में जहां एक ओर विश्व के अनेक बड़े देशों की अर्थ व्यवस्था धराशायी हो गई थी, वहीं भारत ने सीना चौड़ा करके एक ऐसी राह का निर्धारण किया, जो भारत को विकसित बनाने में समर्थ है। इस बार का बजट भी निश्चित ही भारत को गरीबी से उबारने का सामर्थ्य पैदा करने वाला ही कहा जाएगा, क्योंकि इस बजट में केंद्र सरकार ने उन बातों पर पुनः फोकस किया जो भारत की गरीब जनता के लिए प्रगति का द्वार खोलती हैं। केंद्र सरकार भारत की जनता को जातियों के आधार पर नहीं देखती। उसकी नजर में देश में केवल चार ही जातियां हैं। जिसमें किसान, युवा, महिला एवं गरीब ही आते हैं। यह किसी भी जाति का क्यों न होड्ड इसके लिए इस बजट में भी ध्यान रखा गया है। वास्तव में जिस देश में यह चार वर्ग सशक्त हो जाएं तो उस देश को प्रगति की राह पर जाने से कोई नहीं रोक सकता। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास के रास्ते पर दौड़ लगाई है। इस देश में अब तक करोड़ों वास्तविक गरीबों को आवास मिला है। इसके पूर्व सरकारी सुविधा से निर्मित आवासों में बंदरबांट होता रहा है। जिसमें कई आवास नेताओं के परिजनों को ही मिल जाते थे, जो एक बड़े घोटाले का रूप ले चुका था। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए उन्हीं गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, जिनको वास्तव में जरूरत थी। यह आवास हर वर्ग को उपलब्ध कराए, फिर चाहे वह हिन्दू हो अथवा मुसलमान। सरकार भारत की समस्त जनता को अपना परिवार मानकर कार्य कर रही है। उसका नारा भी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास ही है। इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने प्रावधान किया है कि आगामी समय में देश के गरीब समाज को गरीबी से बाहर निकालने के लिए दो करोड़ आवास निर्मित किए जाएंगे। इससे जिन मजदूरों की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराये के रूप में व्यय होता था, उससे बचा जा सकेगा। मोदी सरकार का यह कदम मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला ही कहा जाएगा। इसलिए इस बजट को मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला भी कहा जा रहा है। कुल मिलाकर इस बजट को गरीबों को सशक्त बनाने वाला बजट निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। विकास की आधारशिला का मुख्य सूत्र माने जाने वाले अधोसंरचना पर भी मोदी सरकार ने प्रमुखता से ध्यान दिया है। इसके विकास के लिए बजट में बढ़ोतरी की है। कहा जाता है जिस देश की अधोसंरचना मजबूत होती है, वह देश विकास की राह पर तेज गति से भागता है। क्योंकि इससे समय की बचत होती है और काम भी आसान हो जाता है। यातायात को सुगम बनाने की दिशा में यह बजट बहुत ही प्रभावी माना जा रहा है।

# गलती सुधारने की पहल करे मुस्लिम समाज

**आशीष वशिष्ठ**

> मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के बारे में भी ऐसा ही दावा है। ये सब देखते हुए मुस्लिम धर्मगुरुओं को अपने समुदाय के लोगों को समझाना चाहिए कि वे हठधर्मिता के बजाय समझदारी और व्यवहारिकता से काम लें। इसमें दो राय नहीं है कि मुगलों द्वारा पूरे देश में हिंदुओं के धर्मस्थलों को नष्ट करने का काम बड़े पैमाने पर हुआ। प्राचीन धर्म स्थलों के बारे में जो तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं वे चौंकाने वाले हैं। ज्ञानवापी में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार प्रदान करने के न्यायालय के निर्णय के बाद मुस्लिम पक्ष ने इस पर नाराजगी जताई है। मुस्लिम पक्ष ने कहा है कि फैसले के बाद हाईकोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील की जाएगी। मुस्लिम पक्ष ने इस फैसले को नकार दिया है। इससे पहले मुस्लिम पक्ष ने एएसआई के सर्वे को भी नकार दिया था

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वाराणसी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वेक्षण से उस दावे की पुष्टि हो गई है कि वह हिन्दू मंदिर पर ही बनाई गई थी। इस सर्वेक्षण को रोकने के लिए मुस्लिम पक्ष द्वारा न्यायालय में चरम सीमा तक जाकर तर्क दिए गए। वही बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि विधान पूजा अर्चना शुरू हो गई है। हिंदू पक्ष कुछ समय से ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक तलगृह में पूजा का अधिकार मांग रहा था। यह तलगृह मस्जिद परिसर में है। वर्ष 1992 तक व्यास जी तलगृह में पूजा नियमित तौर पर होती थी। 6 दिसंबर 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 से व्यासजी के तलगृह बंद कर दिया गया और बैरिकेडिंग कर दी गई। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। अयोध्या राम जन्मभूमि मामले को लेकर मुलायम सिंह यादव ने बैरिकेडिंग लगा दी कि यहां सांप्रदायिक माहौल ना बिगड़े और लड़ाई-झगड़े ना हों। पहले बांस-बल्ली लगाकर टेंपरेरी तौर पर बैरिकेडिंग की गई और बाद में पक्की तरह से बंद कर दिया गया। इसके बाद यहां पर वार्षिक माता श्रृंगार गौरी की पूजा हो रही थी। ज्ञानवापी में किए गए सर्वेक्षण की जो रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत हुई, उसके आधार पर कोई भी कह सकता है कि वह मंदिर ही है। मुस्लिम पक्ष को इसका ज्ञान काफी पहले से था। इसीलिए उन वस्तुओं को छिपा और ढक दिया गया था जो हिन्दू धर्म के प्रतीक और चिन्ह हैं। सबसे बड़ी बात शिवलिंग का मिलना है। पौराणिक ग्रंथों से पता चलता है कि ज्ञानवापी कुएं का निर्माण स्वयं भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से किया था। पौराणिक काल से ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का इलाका अविमुक्त क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध रहा है। महाभारत में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र को अविमुक्त क्षेत्र के नाम से पुकारा गया है। वर्तमान में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद भी अविमुक्त क्षेत्र का ही भाग रहा है। इस क्षेत्र में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को मुक्त कराने के लिए सैकड़ों वर्षों से विश्व भर के हिंदू संघर्ष कर रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि स्वतंत्रता के बाद केंद्र सरकार मुगल काल में हिन्दू धर्मस्थलों को तोड़कर या उन्हीं ढांचों पर खड़ी की गई मस्जिदों को



हिंदुओं को सौंपने की नीति बनाती। लेकिन कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां मुसलमानों की नाराजगी से बचने के लिए हिंदुओं के वैध दावों को ठुकराती रहीं। मथुरा और वाराणसी में हिंदुओं के सर्वोच्च आराध्यों के पवित्र मंदिर के बगल में बनी मस्जिद के हिन्दू मंदिर होने की बात पंडित नेहरू से लेकर तमाम नेताओं को ज्ञात थी। लेकिन उन्होंने इस दिशा में सोचने का कष्ट इसलिए नहीं उठाया क्योंकि वे हिंदुओं की सहनशक्ति को जानते थे। वरना क्या कारण था कि हिंदुओं की विवाह व्यवस्था संबंधी रीति-रिवाजों को तो उलट-पलट दिया गया किंतु मुस्लिम पर्सनल लॉ को छेड़ने की हिम्मत नहीं हुई। देश का बंटवारा धर्म के नाम पर हमारे नेताओं ने स्वीकार किया था। सर्व धर्म समभाव के भारतीय संस्कारों के कारण भले ही मुस्लिमों की बड़ी आबादी भारत में रह गई और पाकिस्तान के उलट भारत ने अपने को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाया किंतु ये भी उतना ही सही है कि तत्कालीन शासकों ने मुस्लिम तुष्टीकरण के फेर में बहुसंख्यकों की धार्मिक भावनाओं को धक्का पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यदि सरदार पटेल न होते तब बड़ी बात नहीं सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी न हो पाता। अयोध्या का विवाद तो स्वाधीनता के पहले से चला आ रहा था। वास्तव में, देश में एक ऐसी जमात है जो भय और लोभ से भरी हुई है। उसमें कायरता की कीचड़ है। वह ऐतिहासिक यर्थाथ और सांस्कृतिक सत्य का सामना करने से कतराती है। समस्या का समाधान सौदेबाजी में तलाशती है और समस्या को टालते जाने को अपनी कुशलता और चतुराई मानती है। इस जमात के भगीरथ हैं राजनेता। ऐसा राजनेता जिनकी सोच और दृष्टि का क्षितिज केवल एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक का है। भावी पीढ़ियों, दशाब्दियों और शताब्दियों की बात सोचने का सामर्थ्य उनमें नहीं है। वे हम मर गए तो किसने दुनिया देखी की मानसिकता से पीड़ित हैं। सत्ता लोभ और चुनाव में पराजय के भय से पीड़ित इन लोगों का राष्ट्रीय अस्मिता की अवमानना करने और उसे नकारने में लाज ही नहीं आती। लोभ, भय ओर मौन हो जाने का परिणाम भारत का राष्ट्रीय समाज 75 वर्ष पूर्व भुगत चुका है। राजनीतिक नेतृत्व के लोग और भय एवं राष्ट्रीय समाज के मौन में से तुष्टिकरण और खुशामद कर जन्म हुआ था। यह इतिहास सिद्ध अनुभव है कि हिन्दुओं का मौन राष्ट्र के विभाजन को जन्म देता है। अल्पसंख्यकों की मुखरता और उनका तुष्टिकरण राष्ट्र के भूगोल को बिगाड़ता और इतिहास का मान भंग करता है। 1991 में केंद्र की नरसिम्हा राव सरकार ने जो कानून बनाया उसके अनुसार 15 अगस्त 1947 को किसी भी धर्मस्थल की जो स्थिति थी उसे परिवर्तित नहीं किया जाएगा। लेकिन अयोध्या विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अपना निर्णय इस आधार पर दिया कि बाबरी ढांचा हिंदुओं के मंदिर को मस्जिद का रूप देकर खड़ा किया गया था। ठीक वही बात ज्ञानवापी के बारे में भी सामने आ रही है। अयोध्या विवाद को सुलझाकर सर्वोच्च न्यायालय ने जो रास्ता खोल दिया वह उन सभी धर्मस्थलों को मुक्त करवाने में सहायक होगा जिनको मुस्लिम शासकों ने बलपूर्वक मस्जिद का रूप दे दिया।

मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के बारे में भी ऐसा ही दावा है। ये सब देखते हुए मुस्लिम धर्मगुरुओं को अपने समुदाय के लोगों को समझाना चाहिए कि वे हठधर्मिता के बजाय समझदारी और व्यवहारिकता से काम लें। इसमें दो राय नहीं है कि मुगलों द्वारा पूरे देश में हिंदुओं के धर्मस्थलों को नष्ट करने का काम बड़े पैमाने पर हुआ। प्राचीन धर्म स्थलों के बारे में जो तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं वे चौंकाने वाले हैं। ज्ञानवापी में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार प्रदान करने के न्यायालय के निर्णय के बाद मुस्लिम पक्ष ने इस पर नाराजगी जताई है। मुस्लिम पक्ष ने कहा है कि फैसले के बाद हाईकोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील की जाएगी। मुस्लिम पक्ष ने इस फैसले को नकार दिया है। इससे पहले मुस्लिम पक्ष ने एएसआई के सर्वे को भी नकार दिया था। ज्ञानवापी परिसर में स्थित माता श्रृंगार गौरी भी पूजा का अधिकार मांगा जा रहा है। देखा जाए तो, मुस्लिम पक्ष द्वारा इस बारे में वही गलती दोहराई जा रही है जो अयोध्या विवाद में देखने मिली। इसलिए इस विवाद को निपटाने के लिए अदालत ही एकमात्र विकल्प बचता है, जहां ठोस प्रमाणों के आधार पर निर्णय होते हैं। अयोध्या में हिन्दू मंदिर होने की बात भी वहां की गए उत्खनन से ही तय हुई। वही प्रक्रिया ज्ञानवापी के बारे में भी अपनाई जा रही है। मुस्लिम समाज को ये बात समझ लेनी चाहिए कि जिन राजनीतिक दलों के बहकावे में आकर वह सच्चाई की स्वीकार करने से बचता है उनका उद्देष्य मात्र उनके वोट प्राप्त करना है। जहां मूर्ति हो और जिस भूमि पर जबरन कब्जा किया गया हो, वहां मस्जिद बनाने और नमाज पढ़ने को कुरान और पैगम्बर दोनों ने मना किया है। मस्जिद को हटाने का भी कुरान में निषेध नहीं है। ऐसे में वो विशाल हृदय का प्रदर्शन करते हुए अतीत में मुगल शासकों द्वारा हिंदुओं के धर्मस्थलों पर बलपूर्वक अधिकार जमाने और नियंत्रण किए जाने वाली गलती को सुधारने की पहल करते हुए उनकी सद्भावना प्राप्त करें। सद्भावना और सहिष्णुता एकपक्षीय नहीं, द्विपक्षीय होती है। एक पक्ष को अपमानित करके दूसरे पक्ष को सम्मान देने से सद्भाव को नहीं, शत्रुता का जन्म होता है। जन-जन को दिग्भ्रमित करने की राजनीति दलाली के दुष्चक्र की लंबी कहानी है।

## कविता

ऋतुओं का राजाधिराज वसंत है
आया...!
मंजरियां खिल रही हैं
आम्र टहनियां हैं झूम रहीं
भ्रमरों और मधुमक्खियों का गुंजन है
तितलियां फूलों के रसास्वादन में मशगूल हैं।

ऋतुओं का राजाधिराज वसंत है आया...!
मृदु कोमल कच्चे वृंत इठलाये
बावली, मस्तमौला हवाएं
झूम रहीं हैं आज फिजाएं
धूप बिछ रही है मैदानों, पठारों और पहाड़ों में।

ऋतुओं का राजाधिराज वसंत है आया...!
गेहूं,चना और सरसों के खेत
महके आज हर आंगन की रेत
यौवन झड़ रहा चहुंओर
हे सखी ! मन हो रहे हैं आज मयूर ।

ऋतुओं का राजाधिराज वसंत है आया...!
बगिया स्वर्ण-रजत सी महक रही
सुरभि पवन आज घोल रही
खुश हैं तारें, खुश है सूरज-चंद्रमा, खुश हैं
धरती आसमां
पीली पीली चुनर लहरायें
धरती आज नगमे गायें।

ऋतुओं का राजाधिराज वसंत है आया...!
हंस रही है सारी सृष्टि
हंस रही आज दशों दिशाएं

सुनील कुमार

# भारत में भुखमरी का बड़ा प्रतिशत

**संजीव**

**संयुक्त** राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2023 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता है' संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीवी और करोना 2023 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है ' संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 130 करोड़ है और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक प्रभावित गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैं' संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख तक खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ है' जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55%, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24% तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24% भोजन बर्बाद हुआ है' पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैं' बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता है' भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो ,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता है' भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही है' पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बबार्दी करते आ रहे हैं' एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में कुछ विकासशील देशों में बढ़ती जनसंख्या और लगातार गिरते अनाज के उत्पादन के साथ-साथ अन्न की निर्मम बबार्दी की वजह से दुनिया भर में भूख और भुखमरी से पैदा होने वाली समस्याओं तथा भुखमरी से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह भारत देश का दुर्भाग्य है की कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में करीब 50 हजार करोड़ की कीमत का हर साल अपशिष्ट के रूप में अन्न बर्बाद होता है, शायद आपको अंदाजा ना हो कि इतना अनाज बिहार जैसे बड़े राज्य की जनसंख्या को 1 वर्ष तक अन्य की आपूर्ति कर सकता है। भोजन की बबार्दी एक सामाजिक अपसंस्कृति एवं कुसंस्कृति की तरह व्याप्त होती जा रही है, विवाह समारोह अन्य उत्सव बफे सिस्टम एवं अन्य सामाजिक समारोह में अपनी थाली में ज्यादा से ज्यादा भोजन लेकर उसे बर्बाद कर देने की प्रवृत्ति अब आम हो गई है और थाली में पड़ा हुआ अनाज या तो सड़ जाता है अथवा बाहर फेंक दिया जाता है।

## विचार

# देश को तोड़ने की मांग करने वाले कौन

**आर.के. सिन्हा**

**निस्संदेह बजट** प्रस्तावों की तीखी आलोचना करने में कोई बुराई भी नहीं है। आप देश के सामान्य नागरिक हों या फिर सांसद,आपको केन्द्रीय बजट पर अपनी बेबाक राय रखने का पूरा हक है। पर इस बात को देश का कोई नागरिक कैसे स्वीकार कर सकता है कि कोई इंसान सिर्फ इसलिए ही अलग देश बनाने की मांग करने लगे , क्योंकि उसे बजट प्रस्ताव पसंद नहीं आए। यह पूर्णतः अस्वीकार्य है। कांग्रेस सांसद डी. के. सुरेश ने यही किया। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट पर सुरेश ने दक्षिण भारत के लिए ह्यअलग देशह्ण बनाने की ही मांग कर डाली। धिक्कार है ऐसे सांसद का ! अपमान है भारतीय संविधान का जिसकी शपथ लेकर वे चुने गये और पुनः संसद में वही शपथ लेकर बैठे । उन्होंने कहा है कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे अन्याय को ठीक नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। लेकिन , उन्होंने यह बताने से परहेज किया कि अन्याय क्या हो रहा है ? केंद्रीय करों से एकत्रित राशि के बँटवारे का एक सर्वसम्मति से तैयार एक नियम होता है जो केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर तय करती हैं और उसी तय नियम के अनुसार करों से प्राप्त धनराशि का बँटवारा होता है । शायद, कांग्रेस के विद्वान सांसद को यह जानकारी नहीं होगी।

यह बेहद गंभीर मामला है। भारत को फिर से तोड़ने के बारे में कोई सोचने का भी दुस्साहस भी कैसे कर सकता है। सुरेश बजट प्रस्तावों की जितनी चाहते आलोचना कर सकते थे। उसे सुना जाता। उस पर एक्शन भी लिया जाता यदि उनकी मांगें वाजिब होती। पर वे तो सीमाएं ही लांघ गए। वे कह रहे हैं कि भारत के दक्षिणी राज्यों से एकत्रित टैक्स की धनराशि को उत्तर भारत में वितरित किया जा रहा है और दक्षिण भारत को उसका उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। कायदे से कांग्रेस आला कमान को सुरेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए थी, पर यह नहीं हुआ। कांग्रेस का इतिहास ह्यफूट डालो और राज करोह्ण का सदा से ही रहा है। उनके सांसद फिर वही चाल चल रहे हैं। वो उत्तर और दक्षिण को बांटना चाहते हैं। आपको याद होगा कि असम और तमाम पूर्वोत्तर प्रदेशों को देश से तोड़कर अलग करने का आहवान जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के छात्र शरजील इमाम ने भी किया था। वह तब से जेल में बंद है। देश जान ले कि यहां शरजील इमाम जैसे कई और भी तत्व पाए जाते हैं। ये सब के सब आस्तीन के सांप हैं। देश को तोड़ने की चाहत रखने वालों के खिलाफ पूरे देश को कमर कस कर लामबंद होना होगा और इन आस्तीन के सांपों को पकड़ -पकड़ कर पूरी तरह से कुचलना होगा। अखंड भारत की अवधारणा को चरम पर पहुंचाने वाले सम्राट चंद्रगुप्त और अशोक की धरती बिहार की किस्मत में अब कैसे-कैसे गद्दार पलने लगे हैं। शरजील इमाम पटना पास के ही जहानाबाद का ही रहनेवाला है। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और राष्ट्रकवि दिनकर की धरती शरजील इमाम जैसे गद्दारों को कैसे जन्म देने लगी? शरजील इमाम जैसे देश द्रोहियों के कारण महात्मा गांधी की आत्मा भी दुखी अवश्य होगी। करमचन्द गांधी को महात्मा गांधी बिहार की धरती चंपारण आंदोलन से ही बनाया था। खैर, देश को कांग्रेस सांसद सुरेश से यह पूछने का हक है कि उन्होंने भारत को बांटने संबंधी बयान क्यों दिया? सुरेश कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के छोटे भाई हैं। वह कर्नाटक की बेंगलुरु ग्रामीण सीट से सांसद हैं। कर्नाटक से वही कांग्रेस के इकलौते सांसद हैं। उनके जैसे गैर-जिम्मेदार नेताओं के कारण ही कर्नाटक जैसे प्रगतिशील राज्य में समय-समय पर भारत विरोधी ताकतें सक्रिय होने लगती हैं। आपको याद होगा कि भारत की आईटी राजधानी बेंगलुरु में 2020 में एक छोटी सी बात को लेकर बहुत बड़ी सांप्रदायिक हिंसा की घटना हो गई थी। सबसे अहम बात यह है कि सारी दुनिया में उस हिंसा को लेकर बेहद गलत संदेश गया। बेगलुरू जैसे आधुनिक महानगर में उपद्रवियों ने जगह-जगह गाड़ियों को आग लगाई थी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# 2024 बोर्ड परीक्षा में सामान्य गलतियों से कैसे बचें

**विजय गर्ग**

**सत्र 2024 की** बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि वे अपनी परीक्षा में ये गलतियाँ न करें और अच्छा स्कोर करें। 1- परीक्षा केंद्र पर समय पर नहीं पहुंचना 12वीं के बाद बोर्ड परीक्षा एक छात्र का अपने भविष्य या हम कह सकते हैं कि करियर की ओर पहला कदम है, जबकि समय पर परीक्षा केंद्र पर नहीं पहुंचना छात्र के लिए परेशानी का कारण बन सकता है क्योंकि उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होती है। बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए सुचारू सत्यापन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए, छात्रों को परीक्षा के निर्धारित समय से कम से कम 15 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना चाहिए। 2- कुछ विषयों/विषयों को नजरअंदाज करना छात्रों द्वारा की गई एक और गलती विभिन्न विषयों के कुछ विषयों की उपेक्षा करना है। गौरतलब है कि बोर्ड परीक्षा 2024 में हर विषय और हर चैप्टर का वेटेज होता है, इसलिए किसी टॉपिक या चैप्टर को छोड़ना छात्रों के लिए फायदेमंद नहीं होगा। किसी भी विशिष्ट विषय को नजरअंदाज करने से उनके बोर्ड परीक्षा के अंकों और प्रतिशत पर काफी प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी 2024 की बोर्ड परीक्षा में अच्छा स्कोर करने के लिए प्रत्येक विषय का अध्ययन करें। 3- 1 अध्ययन सामग्री पर भरोसा करना कभी-कभी उम्मीदवार सोचते हैं कि केवल एक ही स्रोत से पढ़ाई करना उनके लिए अच्छा और फायदेमंद है लेकिन यह सच नहीं है। छात्रों को 2024 में बोर्ड परीक्षा की तैयारी के दौरान ऑनलाइन या ऑफलाइन कई तरह की अध्ययन सामग्री तलाशनी चाहिए। प्रत्येक स्रोत जैसे किताबें, प्रश्नावली, परीक्षा विचार और नमूना पेपर किताबें एक अद्वितीय परिप्रेक्ष्य और ज्ञान की गहराई प्रदान करती हैं। इसलिए एक उम्मीदवार को 1 से अधिक स्रोतों से अध्ययन करना चाहिए और आपको एनसीईआरटी पुस्तकों से भी अच्छी तरह से रिवीजन करना चाहिए। 4- शब्द सीमा के अनुरूप उत्तर न देना कभी-कभी उम्मीदवार सोचते हैं कि किसी विशेष प्रश्न के लिए उन्होंने जो उत्तर लिखा है वह उनकी बातों को सही ठहराने के लिए पर्याप्त है।

# आधुनिक भवनों का निर्माण

**वैश्विक** स्तरपर भारत की प्रतिष्ठा का ऐसा आगाज है हो चुका है कि जब भारत बोलता है तो सारी दुनियां एकटक होकर ध्यान से सुनती है,वही एकजमाना ऐसा भी था जब भारत परअंग्रेजों ने 200 से अधिक वर्षों तक राज किया था, आज वही भारतवंशी वहां पर राज कर रहा है जिसे पछाड़ कर भारत आज विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया है और शीघ्र ही तीसरी भी बन जाएगा जिसका अंदेशा दुनिया के सर्वाधिक एजेंसीयों भी लग रही होगा,इसी विकसित भारत बनने की कड़ी में नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 1 से 3 फरवरी 2024 शुरू हो चुका है, जिसमें माननीय पीएम शुक्रवार दिनांक 2 फरवरी 2024 को शामिल हुए जिसमें अन्य कई बातों के साथ ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों के लिए एक हजार मॉडर्न बिल्डिंग योजना की बात गई जिसमें सभी नेशनल हाईवेज पर ड्राइवरोंके लिए नई सुविधाओं से युक्त आधुनिक भवनों का निर्माण किया जाएगा जो ड्राइवरों के आराम के लिए उपयुक्त होगा जो उनकी सुविधाओ में मील का पत्थर साबित होगा।कुछ जानकारों द्वारा अंदेशा लगाया जा रहा है कि कहीं यह पिछले दिनों जोरदार ढंग से ड्राइवरों द्वारा की गई हड़ताल जो कि नए फौजदारी कानून में दस वर्ष की सजा का प्रावधान और नए नियमों को तैयार किया गया है उस संबंध से कहीं ना कहीं यह तीनों अधिनियम लागू करने की तैयारी सेउन्हें खुश करने की रेवड़ियां तो नहीं बांटी जा रही है, परंतु मेरा मानना है ऐसा नहीं होगा क्योंकि इसकी घोषणा पीएम ने खुद की है और पूरे विश्व ने सुना है।

बता दें कि माननीय पीएम शुक्रवार को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ट्रक ड्राइवरों के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ट्रक ड्राइवरों के लिए नेशनल हाईवे पर नई सुविधा वाले आधुनिक भवन बनेंगे, जहां खाने, पानी, टॉयलेट की व्यवस्था होगी। पहले फेज में ऐसे एक हजार भवन बनेंगे। उन्होने कहा कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वो ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का एक अभिन्न हिस्सा हैं। अक्सर ये ड्राइवर्स कई घंटे लगातार ट्रक चलाते हैं, इनके पास आराम का समय नहीं होता।

## न्यूज फ्लैश

### विश्व वेटलैंड दिवस पर गोदरेज एंड बॉयस ने ली वेटलैंड में बदलाव लाने की प्रतिज्ञा

**नोएडा।** वेटलैंड को सुरक्षित बनाना आज के समय में बहुत जरूरी हो गया है। भारत की कुल भूमि का लगभग 4.6% वेटलैंड है, जिसका क्षेत्रफल 15 मिलियन हेक्टेयर से अधिक है। ये वेटलैंड मनुष्य और वनस्पतियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। देश के करीब एक अरब से अधिक लोग जीवनयापन के लिए इन पर निर्भर हैं। पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत बनाते हुए, गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस कुछ प्रमुख सहयोग और सामुदायिक भागीदारी की मदद से वेटलैंड, खासतौर पर मैंग्रोव के संरक्षण की दिशा में अपना विशेष योगदान दे रही है। विश्व वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर, गोदरेज एंड बॉयस के प्रमुख (एन्वायरमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी) तेजश्री जोशी ने बताया, "वेटलैंड्स समुदायों की जीवनधारा के रूप में काम करते हैं। इसी के साथ ही ये वेटलैंड उनकी आजीविका और जैव विविधता दोनों को बनाए रखते हैं। गोदरेज एंड बॉयस में हमारा मानना है कि, जैव विविधता और ईकोसिस्टम का संरक्षण केवल एक सिद्धांत नहीं है, बल्कि यह हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। दशकों से हम वेटलैंड खासतौर पर मैंग्रोव के संरक्षण में सबसे आगे रहे हैं। हम अपनी टीमों और अन्य कॉरपोरेट्स को ही नहीं बल्कि इन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले स्थानीय समुदायों को इस बड़े प्रयास में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। इसके परिणामस्वरूप रिसर्च के माध्यम से मैंग्रोव के संरक्षण को लेकर लोगों के बीच जानकारी बढ़ाने और इकोसिस्टम के महत्व पर जागरूकता फैलाने की दिशा में काफी सुधार देखने को मिला है। इसके साथ ही वेटलैंड के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित आय प्राप्त करने और अपनी कमाई बढ़ाने में भी मदद मिली है। वेटलैंड संरक्षण के प्रति हमारे प्रयासों के चलते आम लोगों की जिंदगी पर काफी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है।" इंडिया आदि के साथ सहयोग के अलावा, 125 साल पुराना यह भारतीय समूह करीब 7 दशकों से विक्रोली में 'लंग्स ऑफ मुंबई' का संरक्षण भी कर रहा है; इसके अलावा कंपनी ठाणे क्रीक के पश्चिमी किनारे पर रामसर कन्वेंशन के तहत भारत की मान्यता प्राप्त वेटलैंड में भी एक बड़ा प्रयास कर रही है। इस प्रतिबद्धता को 'मैजिकल मैंग्रोव्स' जैसी पहल के माध्यम से पहचान मिली है। यह अभियान हह्रऋ इंडिया के साथ 2020 में शुरू किया गया था। यह प्रोग्राम वॉलेंटीयर्स की भागीदारी के साथ मैंग्रोव संरक्षण पर जागरूकता फैलाने का काम करता है।

अनुसंधान, वकालत और जमीनी प्रयासों पर केंद्रित इस साझेदारी ने पिछले 4 वर्षों में 300 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों के साथ लगभग 30000 नागरिकों को सफलतापूर्वक एकजुट किया है।

### अंतरिम बजट सर्वसमावेशी है : पार्षद सुरेंद्र मदन मदान

**सोनीपत: वार्ड 3 के निगम** पार्षद सुरेंद्र मदन ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट सर्वसमाज को लाभ देने वाला है । सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री का फोकस इस बात पर है कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक अवश्य ही हो । पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि इसलिए ही प्रधानमंत्री चार जातियों यानि कि चार सेक्टरों पर ध्यान दे रहे हैं जिसमें युवा,गरीब,महिलाएं व किसान प्रमुख हैं । इन चारों ही बिंदुओं को केंद्र मानकर वित्तमंत्री ने घोषणाएं की है जैसे गरीबो के लिए गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 34 लाख करोड़ रुपये गरीबों के खातों में भेजे गए हैं जबकि राशन की योजना निर्बाध चल रही है । पार्षद सुरेंद्र मदन मदान ने कहा कि इसी प्रकार 1करोड़ माता-बहनें लखपति बनी है जबकि आने वाले वर्षों में 3 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है । युवाओं के लिए स्किल इंडिया मिशन के तहत ट्रेंड करने के लिए तीन हजार नई आईटीआई खोलने का निर्णय किया है जबकि किसान को छह हजार के बजाए आठ हजार की प्रधानमंत्री सम्मान निधि मिले यह निर्णय लिया गया है ।



### स्कूटी सवार किसान को कार ने चपेट में लिया, मौत

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव रोहट के पास खेत से लौट रहे दो-पहिया वाहन सवार किसान को कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।
गांव रोहट निवासी संजीव उर्फ सोनू ने बताया कि उसका पिता राजसिंह स्कूटी पर सवार होकर खेत में गए थे।

# 'जिले की 41 अवैध कालोनियों को वैध कर सरकार ने दी आमजन को विशेष राहत'

## सोनीपत नगर निगम की 21, कुण्डली नगर पालिका की 08, गन्नौर नगर पालिका

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम** आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने सोनीपत नगर निगम की 21 कालोनियों सहित जिला की 41 अवैध कालोनियों को वैध कर आम जन को विशेष राहत दी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने सोनीपत नगर निगम की 21, कुण्डली नगर पालिका की 08, गन्नौर नगर पालिका की 11 तथा खरखौदा नगर पालिका की एक कालोनी वैध किया है। वैध की गई कॉलोनियों के विकास के लिए एक खांका तैयार किया जाएगा ताकि इन कॉलोनियों के लोगों को पेयजल, पक्की गलियों की सुविधा, गंदे पानी की निकासी की सुविधा जैसी सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा सके।



निगमायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा नगर निगम सोनीपत क्षेत्र में की गई वैध कालोनियों में आरके कॉलोनी, जाहरी बाईपास कॉलोनी, प्रगति नगर एक्सटेंशन, मामचंद कॉलोनी एक्सटेंशन, इंडियन कॉलोनी एक्सटेंशन-1, नजदीक जटवाड़ा विलेज कॉलोनी, अननेमड कॉलोनी, जीवन विहार एक्सटेंशन, विकास नगर एक्सटेंशन, कॉलोनी नजदीक आबादी फाजिलपुर, रेड रोज स्कूल के पास बसी कॉलोनी, कलावती कॉलोनी, पटेल नगर एक्सटेंशन, मोहन नगर-2, शिव माडर्न स्कूल के पास वाली कॉलोनी, राई कॉलोनी, राजीव एंड उत्तम नगर पार्ट-1, राजीव एंड उत्तम नगर पार्ट-2, गोहाना रोड बाईपास नियर रेलवे क्रॉसिंग, मयूर विहार एक्सटेंशन महलाना रोड़, मदीना मस्जिद पटेल नगर कॉलोनी शामिल है। निगमायुक्त ने बताया कि गन्नौर नगर पालिका क्षेत्र में नरहर पीर बाबा कॉलोनी, हसीजा कॉलोनी, धीमान कॉलोनी, गुप्ति धाम कॉलोनी, गांधी नगर एक्सटेंशन-1, गांधी नगर एक्सटेंशन-2, दरबार बाबा कॉलोनी, अनाज मण्डी गन्नौर के पीछे स्थित कॉलोनी, रेलवे स्टेशन के पास स्थित कॉलोनी, महादेव नगर कॉलोनी तथा प्रताप त्यागी ग्राम कॉलोनी को हरियाणा सरकार द्वारा वैध किया गया है। इसी प्रकार कुण्डली नगर पालिका क्षेत्र में दादा भईया कॉलोनी, दादा भईया कॉलोनी-1, कुंडली सिंधू बार्डर कॉलोनी, हर्षवर्धन कॉलोनी, टीकाराम कॉलोनी, शिवपुरी कालोनी, प्याऊ जीटी रोड़-34, कुण्डली विलेज कॉलोनी तथा खरखौदा नगर पालिका क्षेत्र में ईदगाह कॉलोनी को वैध किया गया है।

**राहत**

> 8 सोनीपत निगम की 21, कुण्डली नपा की 08, गन्नौर नपा की 11 तथा खरखौदा नपा की एक कालोनी को किया वैध

# विधुर और अविवाहत पुरुषों को दिया जा रहा है पेंशन स्कीम का लाभ

## सोनीपत जिला में 846 विदुर और अविवाहित पुरुष उठा रहे हैं सरकार की पेंशन योजना का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के 40 वर्ष होने के बाद विधुर व 45 साल तक उम्र के अविवाहित पुरूषों को पेंशन स्कीम योजना का लाभ दिया जा रहा है। जिला सोनीपत में 846 विदुर और अविवाहित पुरुष सरकार की योजना का लाभ उठा रहे हैं, जिन्हें जनवरी 2024 से 3000 रुपए मासिक पेंशन दी जा रही है।

**जिला में 846 विधुर और अविवाहितों की हुई पहचान:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि सोनीपत जिला में सामाजिक न्याय अधिकारिता, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग द्वारा 846 विदुर और अविवाहितों को चिन्हित किया गया है। जनवरी 2024 से विधुरों व अविवाहितों को 3000 रुपए मासिक पेंशन मिलेगी। सरकार की ओर से 40 वर्ष तक की उम्र होने पर विधुर को पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, बशर्ते परिवार पहचान पत्र में परिवार की आय 3 लाख से अधिक ना हो। इसी तरह ही 45 साल की उम्र होने पर अविवाहित को पेंशन देने का प्रावधान जोड़ा गया है । परिवार पहचान पत्र में उनके लिए वार्षिक आय की सीमा 1 लाख 80 हजार रखी गई है।

**पेंशन**

> 8 जला सोनीपत में 846 विदुर और अविवाहित पुरुष सरकार की योजना का लाभ उठा रहे हैं

### घर में घुस कर मारपीट, मामला दर्ज

**गन्नौर।** भौरा रसुलपुर गांव में घर में घुस कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। भौरा रसुलपुर के गोविंद ने बताया कि उसके पास पड़ोसी सागर का फोन आया और उसे मिलने के लिए गन्नौर बुलाने लगा। जब उसने गन्नौर आने से मना किया तो कुछ देर बाद सागर अपने पिता के साथ उनके घर आया और उनके साथ गाली गलौच की। इसके कुछ देर बाद रामबीर, नीरज, सागर, मनजीत और मन्नु उनके घर घुस आए और उनके साथ मारपीट की। मारपीट करने के बाद आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आडवाणी को भारत रत्न की घोषणा गौरवशाली क्षण : बबिता कौशिक

## मोदी की घोषणा से देश-भर के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भारत सरकार** ने देश के शीर्ष नेता व 7 वें उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की है। इसकी सूचना देते हुए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र ने कहा कि देश के विकास के लिए आडवाणी जी के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। वार्ड 4 की निगम पार्षद बबिता त्रिभुवन कौशिक ने कहा यह क्षण गौरवशाली है कि अब शीर्ष नेता को भारत रत्न प्राप्त होगा। राममंदिर के निर्माण व देश के विकास के लिए उन्होंने अनगिनत काम किये हैं। आडवाणी जी को 2015 में पद्मविभूषण से भी सम्मानित किया जा चुका है। आडवाणी जी का राजनीतिक प्रवेश 1942 में हुआ था। बबिता त्रिभुवन कौशिक ने अपने जीवन का किस्सा शेयर करते हुए बताया कि आडवाणी जी को ही सिंधु -दर्शन यात्रा का प्रणेता माना जाता है। जिसे हम इंडस नदी भी कहते है। सिंधु-दर्शन यात्रा का मुख्य कार्यक्रम लेह (लद्दाख ) में सिंधु नदी के किनारे आयोजित किया जाता है । दूसरा सांस्कृतिक कार्यक्रम पोलो मैदान में आयोजित किया जाता रहा है। बबिता त्रिभुवन कौशिक ने कहा कि राममंदिर के निर्माण हेतु जन-जागृति के किये आडवाणी जी ने गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से अयोध्या तक रथ यात्रा निकाली थी,जिसकी कमान वर्तमान प्रधनमंत्री व ग्लोबल नेता नरेंद्र मोदी ने पास थी। आज राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो गयी है। यह रामलला की ही कृपा ही है कि अब आडवाणी जी भारत रत्न मिल रहा है। जो कि बहुत ही खुशी का विषय है। इस घोषणा से देश-भर के भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है साथ करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी हैं।

**खुशी**

> 8 राममंदिर के निर्माण व देश के विकास के लिए उन्होंने अनगिनत काम किये हैं

### 100 शराब सहित तस्कर काबू

**सोनीपत।** सीआईए-1 की टीम ने शराब तस्करी के आरोप में टेंपू चालक को गिरफ्तार किया है। उसके टेंपू से 100 पेटी देशी शराब बरामद हुई है। आरोपित को मुख्य सिपाही राजेश की टीम ने गिरफ्तार किया है। राजेश ने पुलिस को बताया कि गिरफ्तार आरोपित शास्त्री कॉलोनी निवासी संदीप है। आरोपित को गोहाना रोड बाईपास से काबू किया गया है। आरोपित शराब को बेचने के लिए दिल्ली लेकर जा रहा था। शराब पर सिर्फ हरियाणा में बिक्री के लिए लिखा है। उसके खिलाफ शहर थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**हेरोइन सहित दो तस्कर काबू-** मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ ने दो युवकों को हेरोइन सहित दबोचा है। स्टाफ में नियुक्त एएसआई प्रदीप कुमार की टीम ने मूलरूप से गांव जुआं फिलहाल चौहान कॉलोनी निवासी दीपक व मूलरूप से गांव रभड़ा फिलहाल शास्त्री कॉलोनी निवासी रितिक है। आरोपितों को पुलिस टीम ने गोहाना रोड फ्लाईओवर के पास से काबू किया। पुलिस ने दीपक के पास से 6.45 ग्राम हेरोइन व रितिक के पास से 619 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपितों ने बताया कि 12.64 ग्राम हेरोइन को एक राहगीर से लिया था। गिरफ्तार आरोपितों को अदालत में पेश किया।

# वट्सअप कॉल करके फर्जी वीडियो बनाकर लाखों रुपये की राशि ऐंठने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति से वीडियो कॉल करने व फर्जी अश्लील वीडियो बनाकर उसे यूटयूब पर वायरल करने व रिश्तेदारों के पास भेजने की धमकी देकर लाखों रुपये की राशि ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर सेक्टर-23 साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाहरा निवासी रणधीर सिंह ने बताया कि वह गांव में रहता है। गत 27 जनवरी की रात को अपने घर पर मौजूद था। उसी दौरान एक लड़की की उसके मोबाइल पर वट्सअप कॉल आई। वह नग्न अवस्था में थी। उसने उसकी फर्जी वीडियो बना ली। उसके बाद उक्त वीडियों को वायरल करने व वीडियों को यू-टयूब पर अपलोड करने सहित सोशल साइटों पर भेजने की धमकी देने लगी। उसके बाद खुद को डीजीपी विक्रम शर्मा बताने वाले शख्स की कॉल आई। वह मुकदमा दर्ज करने व यू-टयूब वाले से बातचीत करने की कहने लगा। उसके बाद हेमंत मल्होत्रा की कॉल आई। उसकी वीडियो को सोशल साइटों पर वायरल करने की बात कहने लगा। उससे बार बार करके अलग-अलग खातों में सात लाख 76 हजार रुपये की कुल राशि को ट्रांसफर करवा लिया। मामले को लेकर उसने परिजनों को अवगत करवाया।

# हत्या प्रयास की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित उर्फ पंडित व विजय उर्फ गुरू निवासी कथुरा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।
गांव रेवली निवासी इंद्रजीत ने गत 23 सिंतबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि रात को उसके साले मंदीप निवासी सलारपुर माजरा, विजय निवासी कथूरा, अक्षय व शामिर के साथ मिलकर लाठी-डंडों, फरसा, कस्सी सहित लात घुसों से हमला कर घायल कर दिया। उसे गंभीर चोटें मारी गई। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां उसने अपना उपचार करवाया।

# लेबर को छोड़कर आ रहे बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुरथल** थाना क्षेत्र में लैबर को छोड़कर वापिस आ रहे बाइक सवार को कार चालक ने टक्कर मार दी। उसके बाद उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर घायल करने व धमकी देने का आरोप पीड़ित ने आरोपितों पर लगाया है। पुलिस ने इस संबधं में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
रामनगर गन्नौर निवासी अंकूर ने बताया कि उसकी फैक्टरी गांव मलिकपुर में है। जिसमें वह प्लास्टिक टंकी बनाने का काम करता है। गत 1 फरवरी को वह मोटरसाइकिल पर मलिकपुर से ग्यासपुर गया था। वहां पर लेबर को छोड़कर आ रहा था। रास्ते में कार चालक ने उसे चपेट में ले लिया। उसकी मोटरसाइकिल खेत में जा गिरी । वह खुद सड़क पर गिर गया। उसके बाद कार से दो युवक हथियारों सहित नीचे उतरकर आए। उस पर हमला कर दिया। उसके बाद मारपीट की। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी कुलदीप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**मुकदमा**

> 8 पुलिस ने इस संबधं में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है

### चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: एवीटी स्टाफ** सोनीपत पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुधीर उर्फ सुध निवासी फरमाणा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।
गांव बड़वासनी निवासी रवि ने गत 28अगस्त को सेक्टर-27 शहर थाने में दो-पहिया वाहन चोरी की शिकायत दी थी। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी राकेश कुमार की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से चोरी की बाइक को बरामद कर लिया है।

# प्रतिनिधि मंडल ने छात्रों को विदेश में शिक्षा लेने की दी जानकारी

## स्लोनिया देश से प्रतिनिधि मंडल ने छात्रों को विदेश में शिक्षा लेने की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**नवज्योति शिक्षा** सदन में शनिवार को छात्रों को विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के संबंध में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में स्लोनिया देश से आए क्लेमेन ने छात्रों को विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे पहले स्कूल निदेशक राजेंद्र कौशिक ने क्लेमेन एवं उनकी पत्नी कोमल का भारतीय संस्कृति अनुसार तिलक लगा कर स्वागत किया। क्लेमेन एवं उनकी पत्नी कोमल ने छात्रों को विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने के अनुभवों के बारे में भी जानकारी दी और साथ ही छात्रों के सवालों के जवाब दिए।



उन्होंने बताया कि विदेशों में गलत तरीके से प्रवेश करने से बचें। नियमानुसार ही विदेश में पढ़ाई करने के लिए जाएं, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। स्कूल में विदेशी प्रतिनिधियों को हरियाणा की संस्कृति से अवगत करवाते हुए छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान छठी से ग्यारहवी कक्षा के विद्यार्थियों के बीच आईटी क्वीज भी आयोजित करवाई गई। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को क्लेमेन एवं कोमल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**क्वीज**

> 8 क्लेमेन एवं उनकी पत्नी कोमल ने छात्रों को विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने के अनुभवों के बारे में भी जानकारी दी

# 'राज्यसभा सांसद चुनाव में गुर्जर समाज की भागीदारी हो'

## जिले भर से गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों की गुर्जर भवन में जिला प्रधान कर्णसिंह पसीना की अध्यक्षता में हुई बैठक

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**ऊझा रोड** स्थित गुर्जर भवन में गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता गुर्जर सभा पानीपत के जिला प्रधान कर्णसिंह पसीना ने की। इस दौरान उपस्थित गुर्जर समाज के लोगों ने आपसी विचार-विमर्श किया और अंत में कहा कि भविष्य में हरियाणा प्रदेश के अंदर राज्यसभा सांसद का चुनाव होना है,जिसमें गुर्जर समाज की भागीदारी होनी चाहिए। क्योंकि हरियाणा ही नही बल्कि राजस्थान,यूपी सहित अनेक राज्यों में गुर्जर समाज की और से भाजपा सरकार को समर्थन



देकर गुर्जर बाहुल्य क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाया है। इतना ही नहीं बल्कि कई दर्जन सीटों पर तो गुर्जर समाज की वोटिंग ने निर्णायक मंडल की भूमिका भी निभाई है। उन्होने कहा कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक गुर्जर समाज ने वर्ष 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी मत देकर विजयी बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज का ना तो केन्द्र में कैबिनेट मंत्री बनाया गया और ना ही किसी पार्टी ने गुर्जर समाज के किसी नेता को आज तक मुख्यमंत्री बनाया है। उन्होने कहा कि राजस्थान व उतरप्रदेश में भाजपा सरकार होने के बावजूद भी गुर्जर समाज से किसी को भी कैबिनेट मंत्री नहीं बनाया गया है। गुर्जर समाज ने कहा कि गुर्जर समाज की इस पीड़ा को भाजपा सरकार ध्यान से सुने और प्रदेश में इसे लागू करें। अगर इसके उपरांत भी गुर्जर समाज की अनदेखी होती है तो भविष्य में होने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में गुर्जर समाज कुछ भी निर्णय ले सकता है। इस मौके पर जयपाल छौक्कर,राजकुमार छौक्कर,प्रीतम प्रधान,अनिल आदि अनेक मौजूद थें।

**मांग**

> 8 ना तो केन्द्र में कैबिनेट मंत्री बनाया गया और ना ही किसी पार्टी ने गुर्जर समाज के किसी नेता को आज तक सीएम

# अलग-अलग स्थानों से पांच मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला** पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए अलग-अलग स्थानों से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 की टीम ने खरखौदा थाना क्षेत्र से दो युवकों को चरस व अफीम सहित और शहर थाना क्षेत्र से एक को शराब सहित दबोचा है। वहीं मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ ने दो युवकों को हेरोइन सहित पकड़ा है। उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराकर पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

**दिल्ली से अफीम व चरस बेचने आए दो को दबोचा:** दिल्ली से खरखौदा में चरस व अफीम बेचने के लिए आए दो युवकों को सीआईए-1 की टीम ने गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 में नियुक्त एसआई सुनील कुमार की टीम खरखौदा में गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि दिल्ली के गांव झाड़ौदा का मुकेश अपने साथी दिल्ली के नजफगढ़ निवासी रिंकू को साथ ईको गाड़ी में मादक पदार्थ लेकर खरखौदा आया है। टीम शहर के रोहतक मार्ग बाईपास पर पहुंची नाकाबंदी कर दी। पुलिस ने गाड़ी को पकड़ लिया। पुलिस ने जांच कर मुकेश के पास से 900 ग्राम चरस और रिंकू के पास से 300 ग्राम अफीम बरामद की। पुलिस ने उनके खिलाफ खरखौदा थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस टीम आरोपितों से पूछताछ कर पता लगाएगी कि वह नशीला पदार्थ कहां से लेकर आए थे।

**शिकंजा**

> 8 मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ ने दो युवकों को हेरोइन सहित पकड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही

# सीएम केजरीवाल के घर दोबारा पहुंची पुलिस

## सीएम केजरीवाल को नोटिस देकर लौटी दिल्ली पुलिस, 'कौन हैं वो सात विधायक... तीन दिन में दें जवाब'

**जांच का दायरा**

8 आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाह ने अपराध शाखा के एसीपी पंकज अरोड़ा से नोटिस को लेकर तीखी बहस भी की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर शनिवार को सुबह 10 बजे के करीब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम दूसरे दिन इस संबंध में आरोपों की जांच के लिए केजरीवाल के घर नोटिस लेकर पहुंची। इससे पहले शुक्रवार शाम को भी दिल्ली पुलिस की टीम पहुंची थी। आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता जैस्मीन शाह ने अपराध शाखा के एसीपी पंकज अरोड़ा से नोटिस को लेकर तीखी बहस भी की।

दरअसल, गत 27 जनवरी को अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं ने भाजपा पर विधायकों की खरीद फरोख्त का आरोप लगाया था। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ट्वीट कर भाजपा पर यह आरोप लगाया था। इसके बाद आम आदमी पार्टी मुख्यालय में मंत्री आतिशी, विधायक दुर्गेश पाठक व अन्य ने प्रेस वार्ता कर इस आरोपों को दोहराते हुए कहा था कि भाजपा ने आम आदमी पार्टी के हर एक विधायक को 25-25 करोड़ देने का ऑफर दिया है। उन्होंने कहा था कि इसकी उनके पास ऑडियो क्लिप है, जिसे सही वक्त आने पर जारी किया जाएगा। मंत्री आतिशी ने कहा था कि सभी विधायकों ने इस ऑफर को साफ मना कर दिया है। पिछले नौ सालों में हमारी सरकार गिराने के लिए इन्होंने कई षड्यंत्र किए हैं लेकिन हर बार असफल हुए हैं। हमारे सभी विधायक पूरी मजबूती के साथ हमारे साथ खड़े हैं। इस बार भी ये लोग अपने नापाक इरादों में फेल होंगे। आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए इन आरोपों की जांच के लिए प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत दिल्ली के सांसद व विधायकों ने 30 जनवरी को पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा से मुलाकात कर इसकी शिकायत की थी। इसके बाद जांच की जिम्मेदारी अपराध शाखा को सौंप दी गई थी। अब इस संबंध में जांच में सहयोग करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, शिक्षा मंत्री आतिशी को नोटिस जारी किया गया है। शुक्रवार को ये दोनों अपने घर पर नहीं मिले थे। जिस वजह से पुलिस टीम लौट आई थी। आज दोबारा नोटिस देने के लिए टीम पहुंची है।

**सीएम आवास पर पहुंचे थे अधिकारी:** सीएम आवास पर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम में एक एसीपी, एक इंस्पेक्टर और एक सब इंस्पेक्टर थे। तीन दिन के अंदर क्राइम ब्रांच ने मुख्यमंत्री को अपना जवाब देने को कहा है।

**केजरीवाल ने अंदर से भिजवाया ये मैसेज:** उन्होंने अंदर से मैसेज भिजवाया था कि पुलिस उनके सुरक्षाकर्मी या आवास में मौजूद कर्मी को नोटिस दे दें। लेकिन पुलिस उन्हें नहीं देना चाह रही थी।

**'पुलिस का मकसद बदनाम करना है':** दिल्ली सरकार के सूत्र का कहना है कि सीएम दफ्तर नोटिस लेने को तैयार है। सीएम दफ्तर रिसीविंग देने को भी तैयार है। लेकिन पुलिस ही नोटिस नहीं दे रही। पुलिस मीडिया लेकर आई है। पुलिस का मकसद नोटिस देना नहीं बल्कि बदनाम करना है।

**आज आतिशी के घर जाएगी क्राइम ब्रांच की टीम:** यह जानकारी मिलने के बाद कि शनिवार को आतिशी दिल्ली में नहीं हैं, क्राइम ब्रांच की टीम उनके घर रविवार सुबह जाएगी। पहले टीम आज ही शाम को उनके घर जाने वाली थी।





### 'अपराध शाखा की टीम को सीएम केजरीवाल को ही नोटिस देना था'

दिल्ली पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा की टीम को सीएम केजरीवाल को ही नोटिस देना था। अपराध शाखा की टीम शनिवार को फिर सीएम आवास पर नोटिस देने आई। फिलहाल, इस मामले में केस दर्ज नहीं किया गया है। वहीं, आम आदमी पार्टी का कहना है कि पुलिस टीम शुक्रवार को आई थी, सीएम कार्यालय का स्टाफ नोटिस लेने के लिए तैयार था, मगर पुलिस बिना नोटिस दिए लौट गई। बता दें कि केजरीवाल ने भाजपा पर आम आदमी पार्टी के विधायकों को प्रलोभन देकर तोड़ने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। भाजपा इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री पर पलटवार कर रही है।

# द्वारका पुलिस ने शातिर ठग को किया गिरफ्तार



**बरामद**

8 कपिल के रूप में हुई है। वह राजस्थान का रहने वाला है। वारदात में इस्तेमाल मोबाइल इत्यादि बरामद किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
द्वारका जिले की साइबर सेल थाने की पुलिस टीम ने साइबर क्राइम के एक मामले में एक गैंग के आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कपिल के रूप में हुई है। वह राजस्थान का रहने वाला है। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल इत्यादि बरामद किया गया है। यह गैंग उन लोगों को टारगेट करता है, जो अपना मकान किराए पर देने के लिए डिटेल डालते हैं। उन्हें यह कभी आर्मी, तो कभी आइटीबीपी, कभी सीआईएसफ का जवान बन करके कॉल करता है। फिर उन्हें झांसे में लेकर अकाउंट डिटेल लेकर लाखों की चीटिंग की वारदात को अंजाम देता है।डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि 23 जून को द्वारका साइबर थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें एक पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि एक शख्स ने उसकी प्रॉपर्टी रेंट पर लेने के लिए कॉल किया। अपने आप आपको आर्मी का जवान बताया और उसने आईडी कार्ड भेजा। रेंट का पेमेंट करने के लिए जानकारी पूछी और उनसे डिटेल लिया। बाद में उसके अकाउंट से लगभग 99 हजार 990 रुपये निकल गए। फिर उस मामले की शिकायत पुलिस से की। उस मामले की छानबीन के लिए एसएचओ साइबर जगदीश कुमार की देखरेख में सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल ममता की टीम ने छानबीन शुरू की।

# एनआईए ने दो माओवादियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय जांच** एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन सीपीआई (माओवादी) द्वारा बिहार के मगध क्षेत्र में हिंसक नक्सलवाद को पुनर्जीवित करने से संबंधित मामले में दो आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। यह आरोप पत्र शुक्रवार को बिहार में पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। इस आरोप पत्र में बिहार के कैमूर जिले के रोहित राय उर्फ प्रकाश उर्फ मनोज उर्फ पत्रकार उर्फ नेताजी और राज्य के औरंगाबाद जिले के प्रमोद यादव उर्फ प्रमोद कुमार का नाम शामिल है। शनिवार को एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इस मामले में आगे की जांच जारी है। एनआईए की अभी तक की जांच में पता चला है कि आरोपित रोहित राय मगध क्षेत्र का सब-जोनल कमांडर था और यह क्षेत्र के युवाओं को माओवादी विचारधारा से जोड़ रहा था और युवाओं की भर्ती कर रहा था।

एनआईए के मुताबिक प्रमोद यादव नक्सली संगठन सीपीआई (माओवादी) का सक्रिय सदस्य है और यह औरंगाबाद क्षेत्र में माओवादी संगठन को मजबूत करने में लगा था।

इन दोनों आरोपितों के पास से जिंदा कारतूस के साथ दो पिस्तौल और मगध क्षेत्र का बुक-लेट बरामद हुआ था।




# सिसोदिया और संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 17 तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 17 फरवरी तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। आज दोनों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। 20 जनवरी को कोर्ट ने दोनों की न्यायिक हिरासत आज तक बढ़ाई थी। आज ही कोर्ट ने संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए राज्यसभा जाने की अनुमति दी। कोर्ट ने संजय सिंह को पुलिस हिरासत में 5 फरवरी को राज्यसभा जाने की अनुमति दी। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।



**राहत नहीं**

8 स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। आज दोनों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी

# फर्जी स्टांप लगाकर बैंकॉक और मलेशिया भेजते थे, राजस्थान से धरे गए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आईजीआई** एयरपोर्ट पुलिस टीम ने फर्जी पासपोर्ट, वीजा उपलब्ध कराकर लोगों को बैंकॉक और मलेशिया सहित दूसरे देश में भेजने के मामले का खुलासा करते हुए एक एजेंट को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कुलवीर के रूप में हुई है। डीसीपी उषा रंगनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब एक लड़की मलेशिया से वापस भारत आई थी। आईजीआई एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन डिपार्टमेंट ने उसके डॉक्यूमेंट की जांच की तो उस पर लगा हुआ स्टांप फेक निकला। फिर आगे की पूछताछ के लिए पुलिस को जानकारी दी गई। एसीपी वीरेंद्र मोर की देखरेख में एसएचओ विजेंद्र राणा की टीम ने मामले की छानबीन शुरू की। पता चला कि एयरपोर्ट पर पकड़ी गई लड़की नौकरी के सिलसिले में किसी एजेंट के संपर्क में आई थी, जिसने उसे पहले बैंकॉक भेजा और फिर वहां से उसे मलेशिया भेज दिया था। जब वहां रहने का समय समाप्त हो रहा था, लड़की ने फिर एजेंट से संपर्क किया तो उसने पैसे लेकर फर्जी स्टांप लगा दिया। उसके बाद लड़की वापस भारत आने के लिए दूसरे एजेंट से संपर्क की तो उसने भी फर्जीवाड़ा करके उसे भारत वापस भेज दिया। आईजीआई एयरपोर्ट पर जब लड़की पहुंची तो इस मामले का खुलासा हो गया। अब पुलिस इस मामले में आगे की और छानबीन कर रही है।



**शिकंजा**

8 डीसीपी ने बताया कि इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब एक लड़की मलेशिया से वापस भारत आई थी

# साइबर क्राइम अवेयरनेस कैंप में 800 छात्रों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस साइबर क्राइम के मामलों में लोगों को जागरूक करने के लिए अलग-अलग तरह के अवेयरनेस कैंप लगा रही है। इसी कड़ी में पश्चिमी जिला पुलिस ने जनकपुरी इलाके में साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम का बड़े स्तर पर आयोजन किया। इस आयोजन में 250 से ज्यादा छात्र मौके पर पहुंचे और 650 से ज्यादा वर्चुअल रूप से जुड़े। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि यह अवेयरनेस कार्यक्रम इंस्टीट्यूट ऑफ इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के कैंपस में आयोजित किया गया था। एसीपी हेडक्वार्टर रघुवीर सिंह की देखरेख में सब इंस्पेक्टर मनीष मधुकर, विजेता गौतम और अनिल कुमार की टीम ने इस कार्यक्रम में जुड़े छात्रों को बताया कि किस तरीके से साइबर फ्रॉड किए जा रहे हैं। इस अवेयरनेस कार्यक्रम में इनफॉर्मेशन ऑफ टेक्नोलॉजी से जुड़े स्टूडेंट के अलावा बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन और जर्नलिज्म की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट शामिल हुए। डीसीपी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन लगातार अलग-अलग इलाकों में किया जा रहा है।

**सावधान रहें**


8 कार्यक्रम इंस्टीट्यूट ऑफ इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के कैंपस में आयोजित किया गया था

# कट्टरपंथी नेतृत्व मुस्लिम समाज को आत्मघाती रास्ते की ओर ले जा रहा है: डॉ सुरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** हिन्दू परिषद के केन्द्रीय संयुक्त महासचिव डॉ सुरेन्द्र जैन ने शनिवार को कहा है कि कट्टरपंथी नेतृत्व मुस्लिम समाज को आत्मघाती रास्ते की ओर ले जा रहा है। भारत की न्याय व्यवस्था व देश के शांति-पूर्ण सह-अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए उन्होंने मुस्लिम समाज का आह्वान किया कि वह स्वयं को इस कट्टरपंथी नेतृत्व से दूर रखें, जो समाज को संघर्ष की ओर धकेल रहा है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में न्यायालय के आदेश से हिंदुओं को पूजा करने का अधिकार मिला। आज से 30 साल पहले बिना किसी लिखित आदेश के तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार ने अवैध रूप से मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए हिंदुओं को पूजा करने के इस अधिकार से वंचित किया था। नंदी बाबा के आगे सींखचे लगा दिए थे। हिंदुओं के साथ जो अन्याय किया था, न्यायपालिका ने उस अन्याय को न्यायोचित ढंग से ठीक किया। प्रत्येक देशवासी को इसका अभिनंदन करना चाहिए। किसी भी वर्ग के साथ अगर अन्याय हुआ है और न्यायपालिका उसको ठीक करती है तो वह निर्णय सब के लिए स्वागत योग्य होना चाहिए। जिस प्रकार कुछ कट्टरपंथी नेताओं ने न्यायपालिका के इस निर्णय पर मुस्लिम समाज को भड़का कर हिंसा व उपद्रव कराने की कोशिश की है, वह घोर आपत्तिजनक और निंदनीय है। डॉ जैन ने यह भी कहा कि एक ओर वो न्यायपालिका में अपील के लिए भी जा रहे हैं, दूसरी ओर सड़कों पर दंगे कराने हेतु भड़का भी रहे हैं। वे बयान देते हैं कि मुस्लिम समाज का न्यायपालिका से विश्वास उठ रहा है। कभी वो कहते हैं, ‟हमारे सब्र का बांध टूट रहा” कभी कहते हैं कि ‟हमारी आस्था कोर्ट से ऊपर है”, ‟न्यायपालिका जिस रास्ते पर जा रही है वो उचित नहीं है” जब भी कोई निर्णय मुल्ला- मौलवियों की इच्छा के विरुद्ध या उनके कट्टरपंथी षड्यंत्रों के विरुद्ध आता है वे न्यायपालिका को धमकाने से बाज नहीं आते। उन्हें समझना चाहिए कि भारतीय न्यायपालिका, डॉक्टर भीम राव रामजी आंबेडकर के बनाए संविधान के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत ही काम कर रही है। मामला चाहे शाहबानो का हो या हिजाब का, तीन - तलाक का हो या समान नागरिक संहिता का, यहां तक कि अयोध्या मामले में भी सर्वोच्च न्यायालय के विरुद्ध इनका विष-वमन आज तक जारी है। अंत में डॉ जैन ने कहा कि ये कट्टरपंथी नेतृत्व मुस्लिम समाज को आत्मघाती रास्ते की ओर ले जा रहा है। वे शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की जगह संघर्ष का मार्ग अपना रहे हैं। जो कि कदापि उचित नहीं है।

**अपील**

8 ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में न्यायालय के आदेश से हिंदुओं को पूजा करने का अधिकार मिला



# धमेंद्र सिंह रावत को विशिष्ट सेवा के मिला सेवा पदक

**वीरता और सेवा पदक से सम्मानित**

8 केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि पुलिस, फायर सर्विस, होम गार्ड और सिविल डिफेंस और सुधार सेवा के कुल 1132 कर्मचारियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्र सरकार की तरफ से गणतंत्र दिवस 2024 के मौके पर वीरता और सेवा पदक से सम्मानित लोगों के नामों की घोषणा कर दी गई है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि पुलिस, फायर सर्विस, होम गार्ड और सिविल डिफेंस और सुधार सेवा के कुल 1132 कर्मचारियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। विशिष्ट सेवा के लिए 102 राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) में से 94 पुलिस सेवा, 4 अग्निशमन सेवा और 4 नागरिक सुरक्षा एवं होम गार्ड सेवा को प्रदान किए गए हैं। बता दे की धर्मेंदर सिंह रावत को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) सुश्री रजनी शौनिक जिला अधिकारी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) और राम नारायण, कनिष्ठ प्रशिक्षक को सराहनीय सेवा पदक ( एम एस एम ) दिया गया है।

# अनएकेडमी ने की आईएएस अश्वमेध की घोषणा: दिल्ली में सबसे बड़ी यूपीएससी सेमिनार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत की सबसे** बड़ी लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी दिल्ली में प्रेरक आईएएस सेमिनार का आयोजन कर रही है, जो यूपीएससी के महत्वाकांक्षी उम्मीदवारों को सिविल सर्विस की परीक्षा की तैयारियों के लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरणा देगी। कार्यक्रम का आयोजन 6 फरवरी को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शाम 5-7 बजे के बीच होगा। अनएकेडमी के सह-संस्थापक एवं पूर्व-आईएएस ऑफिसर रोमन सैनी, टॉप एजुकेटर्स जैसे सिद्धार्थ अरोड़ा, विनीत थापलू, मधुकर कोटावे, विवेक सिंह एवं आईएएस अधिकारी जैसे आईएएस सौम्या पाण्डेय (एआईआर 4, यूपीएससी सीएसई 2017) और आईएएस अभिनव सीवच (एआईआर 2, यूपीएससी सीएसई 2022) सेमिनार के दौरान उम्मीदवारों को मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर अनुभवी आईएएस अधिकारी (सेवानिवृत) डॉ कुश वर्मा मुख्य अतिथि होंगे, जो लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (एलबीएसएनएए ) एवं नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेन्स (एनसीजीजी) के महानिदेशक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। सेमिनार का उद्देश्य यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले उम्मीदवारों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान जाने-माने प्रवक्ता जैसे शिक्षक एवं अनुभवी अधिकारी, उपस्थिगण सम्मेलन के दौरान सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी के लिए व्यापक ज्ञान एवं जानकारी प्रदान करेंगे। वे छात्रों को तैयारी की प्रभावी तकनीकों तथा सिविल सर्विसेज में चुनौतियों एवं अवसरों के बारे में बताएंगे। आईएएस अश्वमेध सेमिनार के बारे मेंदिनांक: 6 फरवरी 2024
समय: शाम 5 :00 से 7 :00 बजे
**स्थान**: तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली
अनएकेडमी यूपीएससी के सभी महत्वाकांक्षी उम्मीदवारों, शिक्षकों को इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करती है। उपस्थितगणों को लर्निंग के अनुकूल एवं प्रेरणादायी माहौल में टॉप शिक्षकों एवं अनुभवी अधिकारियों के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा।

**सेमिनार**

8 कार्यक्रम का आयोजन 6 फरवरी को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शाम 5-7 बजे के बीच होगा

# सनातन धर्म क्या है': धीरेंद्र शास्त्री ने किया पुस्तक का विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सनातन धर्म इंसान को इंसान बनाता है। धर्म धारणा का विषय, प्राण है। सभी धर्मों से सनातन धर्म सर्वोपरि है। इसका ज्ञान विशुद्ध है, जान लेना ज्ञान है और प्रकट करना विज्ञान है। लेकिन, अधिकतर युवाओं से लेकर बुजुर्गों को सनातन के सिद्धांत का पता नहीं है। यह बातें बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में अपनी पुस्तक 'सनातन धर्म क्या है' के विमोचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अगर किसी का जीव हिंसा धर्म है, तो अहिंसा सनातन धर्म है। शास्त्री ने बताया कि यह पुस्तक उन्होंने दक्षिण राज्य में बीते छह माह पहले पांच दिन में भगवान हनुमान से मिली प्रेरणा से लिखी है। इसमें किसी की तुलना नहीं है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण इलाकों में कथाओं में कई युवा व परिवार मिले, जिन्होंने अपना धर्म परिवर्तन करा लिया था। ऐसे में बच्चों को धर्म की शिक्षा देना बहुत जरूरी है। वह कहते हैं कि यह पुस्तक तब सार्थक होगी, जब हर बच्चे के बैग में यह होगी। इसकी शुरूआत मध्यप्रदेश से की जाएगी। जिसके बाद सभी राज्यों में इससे परीक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी। इसका उद्देश्य युवाओं का चरित्र संवारना है। उन्होंने बताया कि पुस्तक ऊर्दू, पंजाबी, मराठी समेत सभी भाषाओं में अनुवाद की जाएगी। उन्होंने कहा कि हिंसा पर रोक लगनी चाहिए। मंदिर का पुनर्निमाण कराया जा रहा है। यह अच्छा संकेत है। ज्ञानवापी में नंदी निकल आए हैं, अब भगवान शंकर निकलने तय हैं।

**सनातन धर्म के मंडन का विचार होना चाहिए : डॉ. सुधांशु त्रिवेदी**
इस मौके पर सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि संत जीवंत तीर्थ माने जाते हैं। धर्म को लेकर बच्चे पूछते हैं, लेकिन कई अभिभावकों को पता ही नहीं होता। धर्म पढ़ना तो दूर, पलटा तक नहीं है। आज अगर सनातन के खंडन का विचार है, तो मंडन का विचार भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री सबसे युवा सनातन धर्म के प्रचारक हैं, जोकि संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं। यह अमृत काल की पीढ़ी आने वाले सनातन धर्म का एक हजार वर्ष का इतिहास बनाएगी। वहीं, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि केदारनाथ, बद्रीनाथ को बागेश्वर धाम ध्यान में लाए हैं। आस्था का सम्मान ही सनातन धर्म है। वर्तमान समय में लोग किताबों और अपने आप को भी पढ़ना भूल गए हैं। सनातन नहीं होगा, तो धर्मनिरपेक्षता, मानवता नहीं होगी। सनातन बीमारी नहीं इलाज है। राम विवाद नहीं समाधान है। इस दौरान सांसद मनोज तिवारी भी उपस्थित रहे।

**सर्वोपरि**

8 सनातन धर्म इंसान को इंसान बनाता है। धर्म धारणा का विषय, प्राण है। सभी धर्मों से सनातन धर्म सर्वोपरि है



# आखिर कब सुनेगी सरकार पटवारियों की पुकार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पिछले** कई दिनों से पटवारियों की हड़ताल के कारण कोर्ट में रजिस्ट्री और जमीनी खरीद फरोख्त संबंधी काम ठप पड़ा है। जिसके कारण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही 1 फरवरी से आरंभ होने वाली गिरदावरी भी पटवारियों की हड़ताल के कारण रुकी पड़ी है। पटवारियों की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार के अधिकारी कई बार उनसे वार्ता कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पा रहा है। हरियाणा में तीन जनवरी से हड़ताल पर चल रहे राजस्व पटवारियों और कानूनगो की सरकार के साथ बातचीत विफल होने के बाद आज भी पटवारियों की हड़ताल जारी रही।



पटवारियों की हड़ताल के कारण सरकारी कार्यालयों में आने वाले अनेक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना था कि वह इंतकाल, जमाबंदी सहित अन्य कार्यों के लिए कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन इसके बाद भी उनके काम नहीं हो रहे हैं और उन्हें मायूस होकर लोटना पड़ रहा है। वहीं एसोसएशन के प्रधान राकेश कुमार ने बताया कि हड़ताल के कारण लोगों को परेशानी हो रही है लेकिन हड़ताल हमारी मजबूरी है। सरकार हमारी मांगें नहीं मान रही जिसके चलते हमें हड़ताल करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सोमवार को वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच डेढ़ घंटे चली बैठक में पे-ग्रेड में संशोधन और एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रमोशन) को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई। जिसके बाद अब एसो. ने हड़ताल को 31 जनवरी तक जारी रखने की घोषणा कर दी। बैठक के बाद एसोसिएशन के प्रधान जयबीर चहल ने बताया कि वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ वार्ता में पे-ग्रेड में संशोधन और एसीपी के मुद्दे पर पेंच फंसा रहा। अंबाला शहर के पटवारखाने के नजदीक अपनी मांगों को लेकर आज भी पटवारियों ने हड़ताल जारी रखते हुए प्रदेश सरकार को जमकर कोसा।

**मांग**
**8 विभिन्न कार्यों के लिए आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा**

पटवारी एंव कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि आज हमारा धरना प्रदर्शन पांचवे चरण में प्रवेश कर गया है।
पटवारियों की हड़ताल के चलते कार्यालयों में विभिन्न कार्यों के लिए आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कड़ाके की ठंड में लोग मायूस होकर अपने घरों की ओर लौटते नजर आए। कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यों के लिए यहां आए थे लेकिन उन्हें पता चला कि पटवारी तो हड़ताल पर बैठे हुए हैं, जिसके चलते उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

# अवैध असला की सप्लाई करने वाले काबू

## आरोपी की पहचान रंजीत निवासी विकास नगर तहसील कैंप के रूप में हुई

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सीआईए** थ्री पुलिस टीम ने अवैध असला की सप्लाई करने वाले आरोपी को बरसत रोड से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रंजीत निवासी विकास नगर तहसील कैंप के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम ने बीते मंगलवार को धमीजा कॉलोनी के मुख्य रास्ते पर नाकाबंदी कर मोहन उर्फ मोनू उर्फ सरपंच निवासी इंद्रा विहार कॉलोनी को अवैध तीन देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी मोहन ने दो देसी पिस्तौल यूपी से 7 हजार रुपए में खरीदकर लाने बारे व एक देसी पिस्तौल तहसील कैंप विकास नगर निवासी रंजीत पुत्र हैपी से 3500 रुपए में खरीदने बारे स्वीकारा था।



आरोपी मोहन के खिलाफ थाना तहसील कैंप में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद असला सप्लायर आरोपी रंजीत की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पुलिस टीम ने शुक्रवार देर शाम आरोपी रंजीत को बरसत रोड पर सचदेवा गार्डन के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह उक्त देसी पिस्तौल करीब 2 महीने पहले यूपी के कानपुर से एक युवक से 2500 रुपए में खरीदकर लाया था। उसने एक महीना पहले देसी पिस्तौल मोहन उर्फ मोनू उर्फ सरपंच को 3500 रुपए में बेच दिया। आरोपी ने अवैध असला बेचकर हासिल किये रुपए खाने पीने में खर्च कर दिए। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी रंजीत को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

**न्यूज फ्लैश**

## कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड की इक्विटी शेयरों की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश बुधवार, 7 फरवरी, 2024 को खुलेगी

**नोएडा।** कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ("बैंक" या "कैपिटल एसएफबी"), बुधवार, 7 फरवरी, 2024 को ?10 अंकित मूल्य के अपने इक्विटी शेयरों की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश खोलेगा। ("ऑफर") एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 6 फरवरी, 2024 होगी। सबस्क्रिप्शन के लिए ऑफर बुधवार, 7 फरवरी, 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 9 फरवरी, 2024 को बंद होगा।
ऑफर का प्राइस बैंड ?445 से ?468 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 32 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 32 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में कुल मिलाकर ?4,500 मिलियन [ ?450 करोड़ ] ("फ्रेश ईश्यू") और बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 1,561,329 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश ("बिक्री के लिए प्रस्ताव") और साथ में इक्विटी शेयरों का एक नया मुद्दा शामिल है। फ्रेश ईश्यू, "ऑफर") के साथ। बैंक ने अपनी भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक के टियर - कपूंजी आधार को बढ़ाने के लिए ताजा निर्गम से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव रखा है। जैसे-जैसे बैंक अपने ऋण पोर्टफोलियो और परिसंपत्ति आधार को बढ़ा रहा है, बैंक को अपने व्यवसाय के संबंध में एप्लीकेबल कैपिटल एडिक्वेसी रेश्यो को पूरा करने के लिए अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होने की उम्मीद है। बैंक अपने ऋण अग्रिमों को बढ़ाने का इरादा रखता है, जिसके लिए एप्लीकेबल कैपिटल एडिक्वेसी रिक्वायरमेंट का अनुपालन करने के लिए टियर - क पूंजी की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, फ्रेश इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग ऑफर से संबंधित खर्चों को पूरा करने के लिए भी किया जाएगा। ("मुद्दे के उद्देश्य") बिक्री के प्रस्ताव में ओमान इंडिया ज्वाइंट इन्वेस्टमेंट फंड क्क द्वारा कुल मिलाकर 836,728 इक्विटी शेयर शामिल हैं; एमिकस कैपिटल प्राइवेट इक्विटी आई एलएलपी द्वारा 151,153 इक्विटी शेयर तक; एमिकस कैपिटल पार्टनर्स इंडिया फंड क(सामूहिक रूप से, "निवेशक बेचने वाले शेयरधारक") द्वारा 17,544 इक्विटी शेयर तक और रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में सूचीबद्ध कुछ अन्य व्यक्तियों द्वारा 555,904 इक्विटी शेयर (सामूहिक रूप से, "अन्य बिक्री शेयरधारक" और साथ में) निवेशक बेचने वाले शेयरधारक, "बेचने वाले शेयरधारक")

## हीरो अर्थ ब्रांड के तहत प्रीमियम प्लॉटेड डेवेलपमेंट 'हीरो अर्थ' की घोषणा की

**सोनीपत।** रियल एस्टेट कंपनी हीरो रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड (एचआरपीएल) ने अपने प्रमुख प्रीमियम प्लॉटेड डेवेलपमेंट ब्रांड 'हीरो अर्थ' के तहत सोनीपत रियल एस्टेट मार्केट में कदम रखा है, जिसके लिए उन्होंने गुरुग्राम के स्पीति ग्रुप के साथ एक स्ट्रेटेजिक टाई-अप किया है। इस नए टाई-अप के बाद 'द आर्क' को मिली बहुत उत्कृष्ट सफलता के बाद, यह ही दूसरा परियोजना होगी जो 'हीरो अर्थ' के तहत आएगी, जहां एक ही दिन में सभी प्रीमियम प्लॉट्स को बिकवा दिया गया था।
इस सौदे के लिए ट्रांजैक्शन सलाहकार कुशमन एंड वेकफील्ड था।
हीरो रिएल्टी का सोनीपत रियल एस्टेट मार्केट में प्रवेश एक गेम-चेंजर साबित होगा। कंपनी का उत्कृष्टता, नवाचार और समुदाय विकास के प्रति प्रतिबद्धता ने इस उद्योग के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। एचआरपीएल ने केवल प्रीमियम घर नहीं बनाए हैं, बल्कि एक ऐसा समृद्धि समुदाय भी बनाया है जो संबंध और एकता की भावना को बढ़ावा देता है,ह्व डॉ. धर्मेश शाह, सीईओ, हीरो रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड ने कहा। एनसीआर के परिसर में स्थित इस प्रीमियम भूमि के साथ, जिसमें हरित पेड़ों और चित्रसूचीय दृश्यों से घिरा हुआ है, 'हीरो अर्थ' सोनीपत के सेक्टर 33 में विभिन्न प्लॉट्स की एक विस्तृत श्रृंगार स्थल है, जिनका क्षेत्रफल 1115 वर्ग फीट से 1615 वर्ग फीट तक है। परियोजना में प्रमुख सामान्य खुले स्थानों की प्रचुरता है, जो निवासियों के लिए एक समर्थ वातावरण बनाती है। 'हीरो अर्थ' व्यक्तियों के सपने के घरों या निवेश के अवसर की एक कार्तिक अवसर प्रस्तुत करता है।
इस अवसर पर बोलते हुए, स्पीति ग्रुप के प्रमोटर म्र. रोहित दलाल और आशीष दलाल ने कहा, "हम हीरो रिएल्टी जैसे प्रतीकात्मक ब्रांड के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। यह उद्यान सोनीपत क्षेत्र के उपभोक्ताओं को श्रेष्ठ श्रेणी की प्लॉट्स प्रदान करेगा।ह्व गुरुग्राम आधारित, स्पीति ग्रुप का विद्या, खुदरा, कृषि और रियल एस्टेट डेवेलपमेंट में विविध रूप से रुचि है। स्पीति के पास सेक्टर 99-ए, गुरुग्राम, फरुखनगर और पटौदी में प्लॉटेड डेवेलपमेंट के लिए आने वाले परियोजनाएं हैं।

# केंद्रीय बजट देश को आर्थिक रूप से समृद्धशाली बनाने का काम करेगा: शतीश नंबरदार

## वरिष्ठ भाजपा नेता शतीश नंबरदार केंद्रीय बजट को सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी बजट बताया

**सिद्धार्थ राव/बहादुरगढ़।**
**वरिष्ठ** भाजपा नेता शतीश नंबरदार ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी बजट बताया । भाजपा नेता शतीश नंबरदार ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्रीय बजट समाज के सभी वर्गों के लिए हितकारी बजट साबित होगा क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट में सभी वर्गों के हितों का पूरी तरह से ध्यान रखा गया है । शतीश नंबरदार ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र पर आगे बढ़ते हुए विकास और प्रगति का बजट पेश किया है। बजट में एक ओर जहां देश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है, तो दूसरी ओर देश की जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला गया है। शतीश नंबरदार ने कहा कि लखपति दीदी योजना का लक्ष्य 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया जा रहा है, जो महिला उत्थान की दिशा में उठाया गया सराहनीय कदम है। शतीश नंबरदार ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए सरकार ने कदम उठाया है। इस दिशा में टीकाकरण को बढ़ाया जाएगा और सरकार नए मेडिकल कालेज खोलेगी। बजट में अगले पांच साल के दौरान ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ नए घर बनाए जाने का प्रावधान भी सराहनीय है। इसके अलावा, बजट में ई-वाहनों के लिए मदद, सौर ऊर्जा को बढ़ावा, ग्रीन रोड बनाने की योजना, पर्यटन क्षेत्रों में संभावनाओं का विकास, 9 से 14 साल की लड़कियों को टीकाकरण में प्राथमिकता, 3 रेलवे कॉरीडोर, आशा वर्करों तक आयुष्मान योजना का लाभ पहुंचाना, अनुसंधान क्षेत्र में कम ब्याज पर लोन, डेयरी और पशुपालन के लिए योजनाएं, राज्यों के सुधारों के लिए 75 हजार करोड रूपए के साथ-साथ 40 हजार सामान्य रेलबोगियों को वंदे भारत रेल के स्तर पर लाने की योजनाओं का जिक्र बजट में किया गया है। शतीश नंबरदार ने कहा कि यह बजट भारत को आने वाले समय में आर्थिक रूप से समृद्धशाली बनाने का काम करेगा।

# प्रदीप यादव बनाए गए युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव

**सिद्धार्थ राव/बहादुरगढ़।**
**हरियाणा** प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा बुधवार को जारी पदाधिकारियों की सूची में बहादुरगढ़ के युवा प्रदीप यादव को भी जगह मिली है, उन्हें हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। प्रदीप यादव ने अपनी नियुक्ति के लिए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व हाईकमान का आभार प्रकट किया है। नव नियुक्त प्रदेश सचिव प्रदीप यादव ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद एवं लोकप्रिय नेता दीपेंद्र हुड्डा, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा व हलका विधायक राजेंद्र सिंह जून का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के नेताओं द्वारा उन पर व्यक्त किए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और कांग्रेस पार्टी को और मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करेंगे। प्रदीप यादव की नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान, श्रीनिवास गुप्ता, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर,पार्षद प्रतिनिधि संजीव मलिक रोहतक लोकसभा के प्रभारी डॉक्टर विशेष, अजित चौधरी, बहादुरगढ़ यादव महासभा के प्रधान अशोक यादव, बालौर के पूर्व सरपंच राव रामकुमार, सतबीर यादव व वीर सिंह सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी और कांग्रेस पार्टी में उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# टावर के विरोध में चल रहे अनिश्चितकाल धरने पर बैठे



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
सोनीपत के गांव महारा में पावर ग्रिड के टावर के विरोध में चल रहे अनिश्चितकाल धरने को चार दिन हो गए। आज धरने पर पूर्व जिला अध्यक्ष किसान यूनियन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहतास बेनीवाल खरखोदा ब्लॉक प्रधान जयसिंह दहिया पूर्व गन्नौर ब्लॉक प्रधान ओम सिंह अंतिल , छतर सिंह जाहरी, गन्नौर ब्लॉक प्रधान राजेश धनखड़ गांव महारा के सरपंच पवन कुमार , राज सिंह डबरपुर आदि किसानों ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। 4 फरवरी रविवार को शाम 3:00 बजे गांव महारा में पावर ग्रिड टावर के मुआवजे की मांग को लेकर किसान मार्च निकाला जाएगा।

# प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में सहायक: डॉ. दीपक राय बब्बर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के जूलॉजी विभाग में रोस्ट्रम प्रतियोगिता के तहत 30 विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर ने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि भाषण प्रतियोगिता के द्वारा विद्यार्थियों में एकाग्रता, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति तथा नेतृत्व भावना का विकास होता है जो जीवन में बुलन्दियों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।



प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. दीपक राय बब्बर व डॉ. अनीता भटनागर तथा छात्रा दृष्टि सचदेवा ने निभाई। विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमएससी फाइनल जूलॉजी, दूसरा स्थान एमएससी प्रथम के विवेक चोपड़ा तथा एमएससी फाइनल फोरेंसिक के छात्र अश्वनी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# मिली प्रारंभिक मध्यकाल युग की भगवान श्री गणेश की खंडित मूर्ति

**फतेहबाद:** भट्टू गांव में कर्ण कोर्ट के किले पर शनिवार को प्रारंभिक मध्यकाल युग की भगवान श्री गणेश जी की खंडित मूर्ति व भगवान विष्णु का विग्रह मिला है। शोधकर्ता एवं सेफ्टी इंजीनियर अजय बिरोका ने मामले की सूचना पुरातत्व विभाग को दी है। हालांकि जिस समय उपरोक्त पुराणिक मूर्तियां, उस समय टीले पर कोई खुदाई नहीं हो रही थी अपितु हल्की बरसात व आसपास के खेतों में हो रही सिंचाई के बाद जमीन से विभिन्न प्रकार के अवशेष निकलकर सामने आ रहे हैं। ज्ञात रहे कि पुरातत्व विभाग ने उपरोक्त टीले को अधिग्रहण करने की योजना तैयार कर रखी है।

# ठगी करने वाले गिरोह का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सीआईए** टू पुलिस टीम ने डेबिट कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी को शुक्रवार देर शाम अनाज मंडी कट के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान शाकिर निवासी घाघोट पलवल के रूप में हुई।
सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि गिरोह के आरोपी शाकिब निवासी धिरनकी पलवल व विक्रम निवासी सुर्खपुर झज्जर ने मिलकर अगस्त 2022 में रामलाल चौक के नजदीक एटीएम बूथ पर एक युवक का डेबिट कार्ड बदल 1.32 लाख रूपए ठगी की वारदात को अंजाम दिया था।
सीआईए टू पुलिस टीम ने आरोपी विक्रम को मई 2023 में व आरोपी शाकिब को बीती 19 जनवरी को



गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ था आरोपी शाकिब अपने जानकार शाकिर पुत्र इसाब निवासी घाघोट पलवल से स्वैप मशीन लेकर आया था। डेबिट कार्ड बदलने के बाद कार्ड को मशीन से स्वैप कर 1.32 लाख रूपए ठगी की थी। शाकिर ने 25 प्रतिशत कमीशन रखकर बाकी के 1लाख रुपए शाकिब को दे दिए थे। जिसमें से 66 हजार रुपए उसने साथी आरोपी विक्रम को दे दिए थे और बचे 34 हजार अपने पास रख लिए थे।
पुलिस ने आरोपी विक्रम के कब्जे से 20 हजार रुपए व आरोपी शाकिब के कब्जे से 30 हजार रुपए बरामद कर पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद आरोपी शाकिर की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।
इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि सीआईए टू पुलिस टीम ने शुक्रवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी शाकिर को अनाज मंडी कट के पास से गिरफ्तार किया।
पुलिस टीम ने शनिवार को आरोपी शाकिर को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से उसके हिस्से में आए कमीशन के 32 हजार रुपए बरामद करने का प्रसास करेंगी। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में शेरा गांव के पवन पुत्र रामस्वरूप ने अगस्त 2022 में शिकायत देकर बताया था कि वह रामलाल चौक पर स्थित एचडीएचफी बैंक के एटीएम बूथ से पैसे निकलवाने गया था। 20 हजार रूपए निकालने के बाद वह दूसरी बार और पैसे निकालने लगा। पैसे नही निकले।

# केंद्र के अंतरिम बजट में कुछ भी नया नहीं: मोनू रावल

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**स्व. राजेश** पायलट किसान संगठन हरियाणा के जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेस ओबीसी कमेटी के जिला महासचिव मोनू रावल ने अंतरिम बजट को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। मोनू रावल ने कहा कि बजट में फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देने का प्रस्ताव उन तीन कृषि कानूनों को बैक एंट्रीश देने के समान है। जिन्हें एक साल बाद निरस्त कर दिया गया था। मोनू रावल ने कहा कि एकत्रीकरण, आधुनिक भंडारण, कुशल आपूर्ति श्रृंखला, प्राथमिक और माध्यमिक प्रसंस्करण

**निशाने पर**
**8 ये प्रस्ताव कृषि क्षेत्र को घरेलू और विदेशी कॉरपोरेट घरानों को थाली में परोसने के अलावा कुछ नहीं थे**

और ब्रांडिंग समेत फसल के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देने के सरकार के प्रस्ताव की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ये प्रस्ताव कृषि क्षेत्र को घरेलू और विदेशी कॉरपोरेट घरानों को थाली में परोसने के अलावा कुछ नहीं थे।

# साइकिलें मिलने पर बच्चों में खुशी की लहर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पूर्व** केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने अपने दौरा कार्यक्रम के तहत एक बार फिर सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 11वीं व 12वीं के छात्रों को साइकिले वितरण की। इस अभियान के तहत विनोद शर्मा ने अंबाला के गांव नैनयोला से कार्यक्रम शुरू किया। इस दौरान गांव में करीब 38 छात्र छात्रों को साइकिल वितरित की गई। अपने दौरा कार्यक्रम के तहत गाव डेलुमाजरा, बटरोहन, उदयपुर, अमीपुर, बलाना सहित कई गांव में जाकर छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण की। विनोद शर्मा ने कहा कि हर अभिभावक की इच्छा होती है कि उसका बच्चा पढ़ लिखकर नौकरी लगे। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को एक गांव से दूसरे गांव में पढ़ाई के लिए जाने में बहुत समय लग जाता था जिसको देखते हुए यह फैसला लिया गया कि बच्चों को साइकिल वितरित की जाए। ताकि 11वीं 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों का समय बच्चे और वह अपने भविष्य के बारे में सोच पाए। साथ ही विनोद शर्मा ने कहा कि हर घर रोजगार उनकी प्राथमिकता है और यह तभी संभव हो सकता है जब अंबाला में आईएमटी लग जाए। शर्मा ने कहा कि वह आईएमटी लगवा कर रहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर आज आईएमटी लगता है तो निश्चित तौर पर आने वाले 10 से 15 साल में हर घर रोजगार संभव हो सकता है। अंबाला में रोजगार न होने के कारण बच्चों को मजबूर होकर विदेश जाना पड़ रहा है और आईएमटी लगने के बाद विदेश जाने वाले युवाओं की संख्या में बेहद कमी आएगी। विनोद शर्मा ने कहा कि मैने हमेंशा पारवरिक रिश्ता निभाया कोई भी आपदा आई हमेशा परिवार के लोगों के बीच में खड़ा रहा हु। जब अंबाला में बाढ़ आई तो कोई भी नजर नहीं आया। कुछ लोग केवल राजनीति में खुद का लाभ लेने के लिए आते हैं हमें उन लोगों की पहचान करने होगी और अपने और पराए का फर्क देखना होगा। साईकिल मिलने पर छात्रों ने खुशी जताई और कहां की साइकिल मिलने के बाद स्कूल जाने में लगने वाला समय की बचत होगी। इस अवसर पर छात्रों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का साइकिल देने पर धन्यवाद दिया।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाला पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सेक्टर 29** थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में 14 साल की किशोरी से रेप किया गया। किशोरी अपने दो भाई-बहन के साथ घर पर थी। इसी दौरान 22 वर्षीय पड़ोसी किराएदार वहां आया और किशोरी को बहाने से अपने कमरे पर बुला ले गया। जहां उसके साथ दरिंदगी की। शाम को जब किशोरी की मां काम से लौटी तो पीड़िता ने उसे आपबीती सुनाई। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। कृष्णपुरा चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में मां ने बताया कि वह मूल रूप से बिहार के बेतिया जिले की रहने वाली है। हाल में वह पानीपत में किराए पर रहती है। वह तीन बच्चों की मां है। जिसमें मंझली बेटी 14 साल की है। उसने बताया कि वह और उसका पति काम के लिए बाहर चले जाते हैं। कमरे पर उसके तीनों बच्चे अकेले रहते हैं। वहीं 31 जनवरी को भी वे रोजाना की तरह चले गए थे। बच्चे अकेले थे। शाम को घर वापस लौटी तो मंझली बेटी ने बताया कि कमरे पर पड़ोसी किराएदार आवेश निवासी गांव कसमपुर गढ़ी जिला बिजनौर, यूपी आया।

# 40 छात्रों ने आईबीपीजी कॉलेज, पानीपत में इतिहास संग्रहालय का भ्रमण किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**मॉडल** संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजाखेड़ी (पानीपत) के 40 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के व्याख्याता जयदेव व अंग्रेजी के व्याख्याता कर्मवीर के निर्देशन में आई॰ बी॰ पी॰ जी॰ कॉलेज, पानीपत में इतिहास संग्रहालय का भ्रमण किया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ॰ रामेश्वर दास द्वारा बच्चों को इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां चित्रों, कलाकृतियों एवं अन्य पुरातात्विक अवशेषों के माध्यम से दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को मानव जीवन के क्रमिक इतिहास से



लेकर आधुनिक भारत के इतिहास की सम्पूर्ण जानकारी दी।इतिहास विभाग के प्रोफेसर डॉ॰ नरवीर व प्रोफेसर रवि ने बच्चों को पानीपत की ऐतिहासिक धरोहर व पुरानी हरियाणवी संस्कृति की वस्तुओं से परिचित करवाया। इस दौरान बच्चों ने इतिहास से जुड़े बहुत से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा भी शांत की।
विद्यार्थियों ने हड़प्पा काल से जुड़ी बहुत सी वस्तुओं को करीब से देखा। प्राचार्य डॉ॰ अजय कुमार गर्ग ने बच्चों को इस तरह के संग्रहालय को देखने व कुछ सीखने की सीख दी।

# मोदी की गारंटी मतलब बेरोजगारी की गारंटी: खड़गे


## दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ता सभी सातों संसदीय क्षेत्रों में मजबूती से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें: अरविन्दर सिंह लवली





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस जहां संविधान बचाने व भाईचारा स्थापित करने के लिए लड़ाई लड़ रही है, वहीं दूसरी ओर मोदी सरकार संविधान व लोकतंत्र को खत्म करने पर उतारु है। उन्होंने पूर्वी दिल्ली के गीता कालोनी स्थित रामलीला मैदान व पुस्ते तक मौजूद हजारों कार्यकर्ताओं का आवहान किया कि वो इस अत्याचार के खिलाफ सड़कों पर आएं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आज देश की आम जनता और कांग्रेस इस लड़ाई को हार गई तो मोदी सबको गुलाम बना लेंगे।


श्री खड़गे आज दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली की अध्यक्षता में पूर्वी दिल्ली के गीता कालोनी स्थित रामलीला में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के न्याय संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में मंच का संचालन पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक मुकेश शर्मा कर रहे थे। सम्मेलन को श्री खड़गे के अलावा अरविन्दर सिंह लवली के अलावा दिल्ली के प्रभारी दीपक बाबरिया, अजय माकन, सुभाष चौपड़ा, देवेन्द्र यादव, अल्का लांबा, हारुन यूसूफ, कृष्णा तीरथ, मनीष, डा. उदित राज,






संदीप दीक्षित, परवेज हाश्मी, गुरदीप सिंह सप्पल, रमेश कुमार आदि ने संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस सभी संसदीय क्षेत्रों में मजबूती से चुनाव की तैयारी में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे दिल में बसते है और जिस तरीके से भाजपा ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को अतिथि बनाया था उससे यह साफ हो गया है कि वो कार्यक्रम पूरी तरीके से आरएसएस और भाजपा का था। उन्होंने आज चुनौती भरे अंदाज में शैर सुनाते हुए कहा कि यह देश सबका है और इस देश की मिट्टी में सबका खून है। श्री लवली ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी मजबूती और ताकत से बूथ स्तर पर अपना काम कर रहे है। अजय माकन ने कहा कि कार्यकर्ताओं की इस अपार भीड़ को देखते हुए अब इसमें कोई संदेह नहीं है कि जल्द दिल्ली में कांग्रेस की वापसी होगी। उन्होंने कहा कि जब-जब मौका आया है दिल्ली का कांग्रेस कार्यकर्ता ने पूरी शक्ति के साथ खड़े होकर संघर्ष किया है। श्री माकन ने इस शानदार सम्मेलन के लिए दिल्ली के कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

इस अवसर पर अमृता धवन, अभिषेक दत्त, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, डॉ. नरेंद्र नाथ, राज कुमार चौहान, प्रो. किरण वालिया, फरहाद सूरी, चौ. मतीन अहमद, हसन अहमद, अमरीश सिंह गौतम, भीष्म शर्मा, नसीब सिंह, आसिफ मोहम्मद खान, वीर सिंह धींगान, मुदित अग्रवाल, अली मेहंदी, जय किशन, सुरिंदर कुमार, राजेश लिलोठिया, पूर्व विधायक हरि शंकर गुप्ता, अनिल भारद्वाज, कुँवर करण सिंह, विजय लोचव, नीरज बसोया, कंवल सिंह यादव, दर्शना राम कुमार, नाजिया दानिश, अरीबा खान, शगुफ्ता चौधरी, हाजी जरीफ, समीर अहमद, सबीला बेगम, नाजिया खातून, पुष्पा सिंह, रणविजय लोचव, सुनील कुमार, मनोज यादव, मिर्जा जावेद अली, आदेश भारद्वाज, चौ. जुबैर अहमद, दिनेश कुमार एडवोकेट, धर्मपाल चंदेला, सतबीर शर्मा, राजेश चौहान, इंद्रजीत सिंह, चत्तर सिंह, लक्ष्मण रावत, हरी किशन जिंदल, सुरेंद्र प्रकाश शर्मा, मो. उस्मान, ओम प्रकाश बिधूड़ी, पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह, भारत सिंह राघव, बद्रूदीन खान, राकेश त्यागी, चंद्रेश वर्मा, संजय सहगल सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**मंगतराम सिंघल, कोषाध्यक्ष, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी:** आज पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी के रामलीला मैदान में आयोजित 'न्याय संकल्प सम्मेलन' में बहुताय की संख्या में लोग पहुंचे। मैं सभी कार्यकर्ताओं और सम्मानित लोगों का धन्यवाद करता हूं और कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में एक्टिव होकर कार्य करें।

# त्रीनगर: पार्क में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद डा. हर्षवर्धन ने किया छतरी का उद्घाटन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले त्रीनगर वार्ड नंबर-63 स्थित वर्धमान वाटिका पार्क में चांदनी चौक जिला से सांसद डा. हर्षवर्धन द्वारा दो छतरी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केशव पुरम जिला से जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल व वार्ड-63 से निगम पार्षद मीनू गोयल की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान डा. हर्षवर्धन सहित मंडल अध्यक्ष प्रकाश वशिष्ठ, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी, त्रीगर के मंडल मंत्री हरीश सिंगल, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंचल गुप्ता, त्रीनगर मंडल मंत्री सविता गोयल, महामंत्री शशि शर्मा, प्रियंका थापर सहित पार्टी के अन्य लोग भी मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद मीनू गोयल ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए पार्क में छतरी का निर्माण करवाया गया है, जिससे की गर्मियों के समय पार्क में सैर-सपाटा करने आए लोगों को छांव में बैठने की सुविधा मिल सके। इसी के साथ बड़े बुजुर्ग छांव में कुर्सियों पर बैठ सके। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने कहा कि पार्षद मीनू गोयल द्वारा वार्ड में रहने वाले लोगों की सुविधाओं का ध्यान भली-भांति रखा जा रहा है, जिसके लिए आज पार्क में छतरी का उद्घाटन भी किया गया है।

# मॉडल टाउन: कांग्रेस ने जनता को कभी अंधेरे में नही रखा: विनोद वधवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आज जिस तरह से देश में राजनीति चल रही है, उससे तो हमारा देश विकास की ओर नहीं बल्कि विनाश की गर्त में धंसता चला जा रहा है।

भाजपा व आप सरकार देश की भोली भाली जनता को गुमराह करने के लिए आए दिन नए-नए शगुफे दे रही है, जिससे लोग भ्रमित भी हो रहे है। उक्त बातें मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के पार्ट तीन में रहने वाले व चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद वधवा ने कही। वहीं कांग्रेस नेता व समाजसेवी विनोद वधवा ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में देश का



अंतिम व्यक्ति भी नौकरी करके चैन-और-सूकून से दो वक्त की रोटी खा रहा था।

**देश में पड़ा रोजगार का आकाल:** वहीं जब से देश में भाजपा का शासन आया है तभी से देश में रोजगार का आकाल ही पड़ गया है और चहुं और नौकरी को त्राही माम त्राही की ही गुंज सुनाई दे रही है।

**भाजपा दे रही है सरकारी कंपनियों को बेचने पर जोर:** वधवा ने कहा कि सरकार देश के युवाओं को रोजगार देने की बजाए सरकारी कंपनियों को निजी लाभ के लिए सार्वजानिक क्षेत्र को निजी कम्पनी के हाथों में सौपने पर जोर दे रही है।

उन्होंने आगे बताया कि जिससे कि अब सरकार द्वारा नियंत्रित अधिकतर कंपनियां निजीकरण की राह पर हैं। सरकार सभी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निजीकरण यानी सरकारी कंपनियों को बेचने पर जोर दे रही है।

# गुरुद्वारा रोड़ व भलस्वा डेरी पर स्ट्रीट लाइट का हुआ उद्घाटन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा वार्ड-18 जहांगीर पुरी के गुरुद्वारा रोड़, भलस्वा डेरी पर स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन किया गया। जानकारी देते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि टोटल 120 पोल और 240 लाईट है, जो गुरुद्वारा से गुर्जर चौक एवं तिरंगा चौक से दुर्गा चौक तक लगी है। यह कार्य विधायक अजेश यादव के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किया गया है। इस रोड़ पर लाइट न होने के कारण आये दिन लूटपाट, छीना झपटी जैसी घटनाएं होती रहती थी। उन्होंने आगे बताया कि स्थानीय निवासियों की लम्बे समय से इस रोड़ पर लाइट की व्यवस्था करने की मांग थी, जिसे आज पूरा कर दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि इस अवसर पर सभी ने विधायक अजेश यादव और निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा को इस शानदार कार्य के लिए धन्यवाद प्रकट किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया भाजपा पूर्वांचल मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गोपाल राय का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भाजपा जिला केशवपुरम पूर्वांचल मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गोपाल राय का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बतादें कि सुबह से ही गोपाल राय को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उनको बधाई देने वालो में मुख्य रूप से आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, जिला केशवपुरम पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनुज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अविनाश सिंह, राजीव ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा, रोशन सिंह, नीतीश गुप्ता, पवन झा, मनोज चौधरी, भैरव झा, पत्रकार विजय विदोही, पत्रकार तीरथ राज यादव, कुंदन व परिवार के लोगों सहित सैकड़ो गणमान्य लोगों ने श्री राय को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर निगम पार्षद सुमन शर्मा ने श्री राय को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। तो वहीं, पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि गोपाल राय बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और हमेशा ही सेवा के क्षेत्र में आगे रहते है, यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग उनको बधाई देने के लिए पहुंचे हुए है। मैं उनको दिल की गहराईयों से बधाई देता हूं। इस अवसर पर गोपाल राय ने कहा कि मैं सभी साथियों का विशेष रूप से आभार और धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे जन्मदिन पर बधाई दी है।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हरियाणा सरकार के 9 अतुलनीय वर्ष नामक पुस्तक का किया विमोचन

**विमोचन**

**8 राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित कई अतिथियों की रही उपस्थिति**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

भारत के उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज सूरजकुंड फरीदाबाद में हरियाणा सरकार के 9 अतुलनीय वर्ष - एक नये एवं जीवंत हरियाणा का उदय शीर्षक नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय और मुख्मयंत्री श्री मनोहर लाल सहित कई गणमान्य अतिथियों की गरीमामयी उपस्थिति रही। पुस्तक का विमोचन करने उपरांत उप राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में हरियाणा प्रदेश को देश के लिए रोल मॉडल बताते हुए कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच के अनुरूप व्यवस्था परिवर्तन और सुशासन को लेकर किया गया कार्य आसान नहीं था। व्यवस्था परिवर्तन का यह काम इसलिए कठिन था क्योंकि ऐसा काम करने से सबसे पहले वह लोग आपको चुनौती देते हैं जो आपके इर्द गिर्द होते हैं। वे आपके सामने एक प्रश्न खड़ा करते हैं कि सत्ता में क्यों आए हो, दशकों की राजनीतिक संस्कृति क्यों बदल रहे हो, अपने लोगों को नौकरी नहीं देंगे तो हमें सपोर्ट कौन करेगा। लेकिन श्री मनोहर लाल ने समस्त हरियाणा को अपना परिवार माना और व्यवस्था परिवर्तन का काम कर दिखाया। उन्होंने कहा की यह संकेत हरियाणा में नहीं अपितु पूरे देश में गया है। आज हरियाणा प्रदेश के ट्रांसपेरेंट-अकाउंटेबल-ऑनेस्ट रिक्रूटमेंट प्रोसेस की चर्चा पूरे देश में होती है। उन्होंने कहा कि कृषि, खेल और रक्षा सेवाओं सहित अनेक क्षेत्रों में आज हरियाणा का परचम है। हरियाणा के किसान और जवान ने हमेशा हमारा सिर ऊंचा करने का कार्य किया है। उन्होंने श्री मनोहर लाल के सुसाशन के सातों सिद्धांत शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, स्वावलंबन, सुशासन और सेवा को सात्विक बताते हुए कहा की ये सातों सिद्धांत प्रजातान्त्रिक मूल्यों के लिए अति आवश्यक हैं। श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह से बदल रहा है। आज के दिन उभरते हुए भारत को आप देखेंगे तो जो परिकल्पना हमारी सांस्कृतिक विरासत में है वो हमारी तरक्की में पूरी तरह झलक रही है। भारत का अमृतकाल आज गौरव काल है। यह वह कालखंड है, जिसमें भारत की ऐसी मजबूत नींव भरी जा रही है, जो यह सुनिश्चित करेगी कि 2047 का भारत, जब भारत आजादी के 100 वर्ष बना रहा होगा, विकसित भारत होगा।

# टीजीटी और पीजीटी के 28 हजार शिक्षकों की कमी : अनुराग ढांडा

**निशाना साधा**

**8 शिक्षा और स्कूलों के मामले में नकारा साबित हुई खट्टर सरकार: अनुराग ढांडा**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने शनिवार को हरियाणा में शिक्षा और स्कूलों की खस्ता हालत को लेकर खट्टर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार शिक्षा और स्कूलों के मामले में पूरी तरह से नकारा साबित हुई है। खट्टर सरकार को अपनी नाकामी को कोर्ट में कबूल करने में भी अब शर्म नहीं आ रही है। सरकार ने हाईकोर्ट में हलफनामा दायर कर खुद बताया है कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 8240 कमरों की कमी है, जिसमें से 10 साल सरकार में रहने के बावजूद दिसंबर 2024 तक मात्र 1000 कमरों का ही निर्माण कर पाएंगे।

उन्होंने कहा सरकार ने अपने हलफनामे में खुद माना है कि हरियाणा के स्कूलों में पीजीटी और टीजीटी 28000 शिक्षकों की कमी है। केंद्र सरकार की योजनाओं और हरियाणा सरकार के बजट की अलग अलग योजनाओं के 10 हजार करोड़ रुपए जो हरियाणा की शिक्षा और स्कूलों पर लगने थे, वो सरकार ने बिना इस्तेमाल किए वापस भेज दिए हैं। इससे ज्यादा शर्मनाक क्या हो सकता है?

उन्होंने कहा कि हरियाणा के बच्चे अच्छी शिक्षा के लिए दर दर भटक रहे हैं, प्राइवेट स्कूलों में लुटने को मजबूर हैं। लेकिन उसके बावजूद हरियाणा के सरकारी स्कूलों गरीब बच्चों के खिलाफ भाजपा की साजिशें लगातार चल रही हैं। स्कूलों में न बिजली की और न शौचालय की व्यवस्था सही है। इसके अलावा स्कूलों में न शिक्षक हैं, न कमरे हैं और न बच्चों के बैठने के लिए बैंच हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### क्राइम ब्रांच ऊंचागांव ने 90 पेटी अवैध शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार,

**डेढ़ महीने पहले पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को किया था गिरफ्तार**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा शराब तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम पवन है जो बल्लभगढ़ के विजयनगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने डेढ़ महीने पहले आरोपी के साथी आकाश तथा उसके पिता विनोद को 90 पेटी देसी शराब मस्ताना की तस्करी के मुकदमे में गिरफ्तार किया था। उस मुकदमे में आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ सिटी बल्लभगढ़ थाने में एक्साइज एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों से पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस मामले में आरोपी पवन भी उनके साथ शामिल है, जो आकाश के साथ मिलकर यह अवैध शराब लेकर आया था। इसके पश्चात आरोपी विनोद तथा आकाश को गिरफ्तार अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया। वहीं आरोपी पवन पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार चल रहा था। जिसे क्राइम ब्रांच की टीम ने कल मलेरणा रोड दुर्गा मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग सिलेरियो गाड़ी बरामद की गई। जिसमें आरोपी अवैध शराब भरकर लाए थे। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है। वहीं आरोपी के साथी जिससे वह शराब लेकर आए थे, की तलाश जारी है, जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### फरीदाबाद की साइबर पुलिस ने 26 जनवरी से 01 फरवरी तक साइबर अपराध के 4 मामले सुलझाते हुए 11 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचाने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें आमजन को सोशल मीडिया पर साइबर अपराधियों के द्वारा बिछाए गए जाल के संबंध में जागरुक किया है। साइबर अपराधियो द्वारा आमजन को अपनी जाल में फंसा कर अलग-अलग तरीकों से साइबर फ्रॉड किए जा रहे है।

साइबर अपराध के तरीके:

टेलीग्राम टास्क फ्रॉड:-

आजकल साइबर अपराधियों की गैंग आपके पास व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज भेजती हैं और घर बैठे टास्क पूरा करके पैसे कमाने का लालच देते हैं। पैसों के लालच में आकर व्यक्ति वह काम करने के लिए तैयार हो जाता है और आमजन से छोटी-छोटी रकम लगवाते हैं जिसके लिए साइबर अपराधी उसे पहले छोटे-छोटे टास्क देते हैं जैसे यूट्यूब वीडियो लाइक करना आदि। वह टास्क पूरा करने के बाद साइबर अपराधी उन्हें उस रकम से बढ़कर कुछ पैसे वापस कर देते हैं जिस व्यक्ति को और लालच आ जाता है। इसके पश्चात साइबर अपराधी उस व्यक्ति को टेलीग्राम पर ले जाते हैं और एक ग्रुप में जोड़ देते हैं और फिर उन्हें मोटी रकम का टास्क पूरा करके पैसे कमाने का लालच देते हैं। इस प्रकार जब वह व्यक्ति पूरी तरह साइबर अपराधियों के लालच में फंस जाता है तो वह साइबर अपराधी उससे पैसे डलवा लेते हैं। यदि आपके पास भी कोई इस प्रकार का मैसेज आए और घर बैठे पैसे कमाने का लालच दे तो समझ जाएं कि वह साइबर फ्रॉड है इस प्रकार का कोई भी मैसेज आए तो उसे पर विश्वास ना करें और उसे तुरंत डिलीट करते हैं।

फेक ट्रांजैक्शन मैसेज भेजकर की जाने वाली ठगी:-

आजकल साइबर अपराधी लोगों के पास उनके फोन पर उनके अकाउंट में पैसे आने का फेक मैसेज भेजते हैं और मैसेज भेजने के बाद लोगों के पास फोन करके बोलते हैं कि वह किसी और के पास पैसे भेजना चाहते थे लेकिन यह गलती से उनके खाते में चले गए हैं आप कृपया करके वह पैसे वापस भेज दें। भोले भाले लोग जिन्हें ज्यादा जानकारी नहीं होती वह फेक मैसेज देखकर साइबर अपराधियों की बातों में आ जाते है और साइबर ठग द्वारा बताए गए खाते में पैसे डाल देता है और जब बाद में उसे पता चलता है कि उसके खाते में कोई पैसे नहीं आए थे तो उसे अपने साथ हुई साइबर ठगी का पता चलता है।

## चोरी की मोटरसाइकिल, स्कूटी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

थाना गोविंद नगर पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी बरामद की गई है। सोहेल पुत्र अबरार निवासी नई बस्ती डीगगेट थाना गोविंद नगर जनपद मथुरा, सोयब कुरैशी पुत्र तैय्यब कुरैशी निवासी नई बस्ती डीग गेट थाना गोविंद नगर जनपद मथुरा को मसानी बिजली घर के से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे चोरी की मोटरसाइकिल स्पलेन्डर यूपी 85 बीवाई 0755, स्कूटी होण्डा एक्टिवा रंग स्लेटी एचआर 26 बीलए 7570 बरामद किया गया।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ ने मेले में की खरीदारी

**सूरजकुंड मेला**

**8 हस्त-शिल्प मेला, बुनकरों, हस्तशिल्प कलाकारों और शिल्पकारों की करी हौसला अफजाई**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़ शनिवार को 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्त-शिल्प मेले में पंहुची। उन्होंने इस दौरान विभिन्न स्टॉल पर जाकर बुनकरों, हस्तशिल्प कलाकारों और शिल्पकारों के बने उत्पादों को देखा तथा उनकी हौसला अफजाई की।



उन्होंने सबसे पहले थीम स्टेट गुजरात की खादी स्टॉल का अवलोकन किया तथा परिधानों की जानकारी ली। इसके बाद आपणा घर हरियाणा पैविलियन का दौरा कर हरियाणा की परंपरागत रीति-रिवाज, सांस्कृतिक व कला के बारे में जानकारी ली। यहां पर उन्होंने घाघरा, घोटे की चुंदड़ी, खाट-पीढा, मूढ़े व अन्य परंपरागत चीजों को देखा। इस अवसर पर अपना घर के संरक्षक डा. महासिंह पूनिया ने हरियाणवी लोक संस्कृति पर आधारित पुस्तक भेंट की तथा एक पींढा भी यादगार स्वरुप भेंट किया। इससे पहले श्रीमती धनखड़ का अपना घर में पहुंचने पर हरियाणवी पगड़ी बांधकर स्वागत किया।

उन्होंने साझीदार राष्ट्र यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया की पैविलियन का दौरा किया तथा उनकी संस्कृति और परंपरा के बारे में जाना।

श्रीमती धनखड़ ने विकसित भारत लॉउंज में हमारा ऐप नमो ऐप के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सेल्फी ली। इसके साथ ही उन्होंने वहां पर अपने परिजनों के साथ विभिन्न स्टॉल पर घूमकर खरीददारी की।

राष्ट्रीय आजीविका ग्रामीण विकास मिशन के तहत सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने ऐसी कई स्वयं सहायता समूह के स्टॉल का दौरा किया। इसी कड़ी में श्रीमती धनखड़ ने आज राजस्थान की एक स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए नमकीन, अचार, मुरब्बा, पापड़ आदि व्यंजनों का स्वाद चखा और खरीदारी की। उन्होंने इस स्वयं सहायता समूह के इन उत्पादों की मुक्त कंठ से सराहना की और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कश्मीरी शॉल तथा अन्य गर्म वस्त्रों की भी खरीदारी की। साथ ही उन्होंने विभिन्न देशों से आए कलाकारों से भी मुलाकात की।

# हो आया-आया रे सुरजकुंड का मेला गीत पर जमकर थिरके पर्यटक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

सूरजकुंड में चल रहे 37 वें अंतरराष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला में हरियाणा के साथ साथ अन्य प्रदेशों के कलाकार भी अपनी लोकशैली के जरिए पर्यटकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। मेला के दूसरे दिन शनिवार को लोक कलाकारों ने शिल्प मेले में पहुंचने वाले दर्शकों का पारंपरिक वेशभूषा में कलाकार परम्परागत वाद्य यंत्रों की सुरीली धुनों से स्वागत किया। इन कलाकारों की वाद्य यंत्रों पर जबरदस्त पकड़ पर्यटको को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है। मेले में डेरु, बैगपाइपर व ढोल-नगाडों की थाप पर युवक युवतियां ही नहीं, बलिक विदेशी पर्यटक भी जमकर थिरकते नजर आए। जींद जिले से पिछले कई वर्षों से मेला में भाग ले रही कलाकार संजीव की डेरु पार्टी ने जब आया-आया सूरजकुंड का मेला, इस मेले में राम जी आये, माता सीता को भी संग लाए, कोई नहीं रहा अकेला रे, आया-आया सूरजकुंड का मेला, गीत की प्रस्तुति दी, तो माहौल भक्ति मय हो गया। इस गीत पर देश और विदेशी पर्यटक भाव विभोर हो गए और जमकर नृत्य किया।



## क्राइम ब्रांच ने फरार चल रहे आरोपी पीओ को भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने वर्ष 2012 की लड़ाई झगड़े के मुकदमे में अदालत से गैरहाजिर चल रहे आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम ईश्वर सिंह है जो फरीदाबाद की आदर्श कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2012 में कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने किसी व्यक्ति के साथ लड़ाई झगड़ा मारपीट की थी।

# राज्यसभा सांसद चुनाव में गुर्जर समाज की भागीदारी होनी चाहिए: गुर्जर सभा



**समालखा 3 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**

ऊझा रोड स्थित गुर्जर भवन में गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता गुर्जर सभा पानीपत के जिला प्रधान कर्णसिंह पसीना ने की। इस दौरान उपस्थित गुर्जर समाज के लोगों ने आपसी विचार-विमर्श किया और अंत में कहा कि भविष्य में हरियाणा प्रदेश के अंदर राज्यसभा सांसद का चुनाव होना है,जिसमें गुर्जर समाज की भागीदारी होनी चाहिए। क्योंकि हरियाणा ही नही बल्कि राजस्थान,यूपी सहित अनेक राज्यों में गुर्जर समाज की और से भाजपा सरकार को समर्थन देकर गुर्जर बाहुल्य क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाया है। इतना ही नहीं बल्कि कई दर्जन सीटों पर तो गुर्जर समाज की वोटिंग ने निर्णायक मंडल की भूमिका भी निभाई है। उन्होने कहा कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक गुर्जर समाज ने वर्ष 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी मत देकर विजयी बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज का ना तो केन्द्र में कैबिनेट मंत्री बनाया गया और ना ही किसी पार्टी ने गुर्जर समाज के किसी नेता को आज तक मुख्यमंत्री बनाया है।

उन्होने कहा कि राजस्थान व उतरप्रदेश में भाजपा सरकार होने के बावजूद भी गुर्जर समाज से किसी को भी कैबिनेट मंत्री नहीं बनाया गया है। गुर्जर समाज ने कहा कि गुर्जर समाज की इस पीड़ा को भाजपा सरकार ध्यान से सुने और प्रदेश में इसे लागू करें। अगर इसके उपरांत भी गुर्जर समाज की अनदेखी होती है तो भविष्य में होने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में गुर्जर समाज कुछ भी निर्णय ले सकता है। इस मौके पर जयपाल छौक्कर,राजकुमार छौक्कर,प्रीतम प्रधान,अनिल आदि अनेक मौजूद थें।

# डी पी एस पानीपत सिटी में शुभमस्तु कार्यक्रम आयोजित

**समालखा 3 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**

दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए शुभमस्तु विदाई समारोह आयोजित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए समारोह आयोजित किया। शुभमस्तु समारोह में कक्षा ग्यारहवीं एवं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें नृत्य, गायन, रैंप वॉक एवं विभिन्न प्रकार के खेलों का आनंद उठाया गया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया, प्रशासिका सोनिया तोमर, मुख्याध्यापिका सरिता विज एवम् कोऑर्डिनेटर आभा विशार्ड ने निभाई।



इस अवसर पर कक्षा बारहवीं के छात्र छात्राओं को विभिन्न खिताबों से भी नवाजा गया जिनमें आयुष और अवनि गोयल को मिस्टर एंड मिस डी पी एस पानीपत सिटी के खिताब से सुशोभित किया गया। इसके अतिरिक्त कृष छाबरा और वंशिका छाबरा को मिस्टर एंड मिस वेल ड्रेस्ड, समर तोमर और निधि कुकरेजा को मिस्टर एंड मिस फॉलो मी खिताब दिए गए। डी पी एस पानीपत सिटी में कक्षा प्री नर्सरी एवम् नर्सरी से पढ़ने वाले 11 छात्र-छात्राओं को गोल्डन ग्रेजुएट उपाधि से अलंकृत किया गया। इस समारोह में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों के मिले-जुले भाव नजर आ रहे थे। जहां एक और सभी को विद्यार्थियों के जीवन में आगे बढ़ने की खुशी थी वहीं अपनी मधुर यादों को साझा करते हुए स्कूली जीवन छोड़ कर जाने में विद्यार्थी काफी भावुक नजर आए।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण उसकी आधारभूत शिक्षा से होता है।

# मानव रचना में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) के अंग्रेजी विभाग, स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज एंड ह्यूमैनिटीज (एसएमईएच) की ओर से नैरेटिव एंड नैरेशनः मैपिंग आउट लेटेस्ट ट्रेंड्स इन साउथ एशियन लिटरेचर विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में आयोजित हुए इस सम्मेलन में अंग्रेजी, साहित्य, कला और सांस्कृतिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की



शुरूआत में सम्मेलन की संयोजक अंग्रेजी विभाग (एसएमईएच) निदेशक व प्रमुख डॉ. शिवानी वशिष्ठ ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए दक्षिण एशियाई साहित्य में नवीनतम बदलावों और विकास पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने साहित्य की भूमिका, तथ्यों और रुझानों के बारे में भी विचार रखे। उद्घाटन सत्र में चयनित शोध पत्रों को भी पेश किया गया। इसके बाद एसएमईएच डीन डॉ. मैथिली गंजू ने संबोधित करते हुए इस सामयिक विषय पर इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए विभाग की प्रशंसा की। सम्मेलन के मुख्य अतिथि रहे योग्यकार्ता स्टेट यूनिवर्सिटी, इंडोनेशिया के एसोसिएट प्रोफेसर एल्स लिलियानी ने सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित किया।

उन्होंने दक्षिण पूर्व एशिया की लोकप्रिय कथा 'केन डेंडेस' से संबोधन शुरू करते हुए इंडोनेशिया के विभिन्न बौद्ध देवताओं और हिंदू देवताओं के साथ उनकी समानता पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य वक्ता रहे निदेशक व प्रमुख, कला निधि प्रभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार प्रोफेसर (डॉ.) रमेश सी गौड़ ने 'ग्रेटर इंडिया' विजन के साथ चर्चा शुरू करते हुए पड़ोसी दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में भारत के प्रभाव पर विचार रखे। उन्होंने रामायण के विभिन्न संस्करणों पर चर्चा करते हुए बताया कि दक्षिण पूर्व एशिया की संस्कृति के विकास में भी रामायण का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान केलानिया विश्वविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की प्रमुख डॉ. शशिकला असेला, पटना विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रमुख प्रो. शंकर दत्त, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रो. राम निवास शर्मा ने भी दक्षिण एशियाई साहित्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे। सम्मेलन में कुल सात तकनीकी सत्र थे, जिनमें देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्वानों ने 70 से अधिक शोध पत्रों में दक्षिण एशियाई साहित्य में नवीनतम रुझानों पर विचार रखे।

# डॉ. कमल गुप्ता ने निगम अधिकारियों के साथ कार्यों की रिपोर्ट बारे समीक्षा बैठक ली

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

सूरजकुंड के राजहंस कन्वेंशनल सेंटर में स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने फरीदाबाद निगम के अधिकारियों संग बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की, वहीं निकाय मंत्री ने विभिन्न कार्यों को लेकर अधिकारियों को टारगेट देते हुए निश्चित समय सीमा में उन्हें पूर्ण करने हेतु दिशा-निर्देश दिए।

निकाय मंत्री ने चल रहे सूरजकुंड क्राफ्ट मेले के दौरान निगम को साफ-सफाई और विशेष सौन्दर्यीकरण का ध्यान रखते हुए




स्वयं प्रेरणा से बेहतरीन कार्य करने हेतु विशेष हिदायतें भी दी।

शहर को बनाया जाए, सर्वश्रेष्ठ सिटी। निकाय मंत्री ने निगम को शहर में अत्याधुनिक चैक, चैराहे, तिरंगा लाइट, विभिन्न मशीनों, सड़को पर विभिन्न मार्किंग, पार्किंग की मार्किंग, स्वच्छता को लेकर टारगेट देते हुए निश्चित समय में पूरा करने हेतु दिशा-निर्देश दिये।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



आदर्श रसोई सप्ताह 44वां

# राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने मनाया शालिनी सिंघल का जन्मदिन

## सिंघल परिवार ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत, आदर्श रसोई ने किया सभी का जोरादर स्वागत
















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर धूमधाम से आदर्श रसोई का रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### विधिवत रूप से शालिनी सिंघल और परिजनों ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार आदर्श रसोई में राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई की कर्मठ कार्यकर्त्ता शालिनी सिंघल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सिंघल परिवार की मौजूदगी रही। सिंघल परिवार ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। रिबन काटने के बाद श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

### मेरा दूसरा परिवार है आदर्श रसोई : शालिनी सिंघल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शालिनी सिंघल ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आदर्श रसोई समाज में बेहतरीन कार्य कर रही है।इस पुण्य के कार्य में सहभागिता निभा कर मैं भी अपने आपको गौरवान्वित महसूस करती हूँ। आदर्श रसोई मेरा दूसरा परिवार है। हर रविवार सेवा का अवसर प्राप्त करने से लेकर अन्न दान करना मेरे सौभाग्य को बढ़ाता है।





### केक काटकर और पहला कूपन देकर किया रसोई का शुभारंभ

सिंघल परिवार ने रसोई का पहला टोकन देकर आदर्श रसोई की शुरूआत की। इसके बाद रसोई के पदाधिकारियों ने केक काटकर एक दूसरे के साथ शालिनी सिंघल के जन्मदिवस की खुशियाँ बाँटी। इस दौरान पूरा राकेश भारद्वाज चौक पर मौजूद रहा।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया।











